प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती वर्षगांठ, सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्षगांठ और राष्ट्रगान वंदेमातरम की 150 वीं जयंती मनायी जा रही। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद समीर उरांव ने कहा कि जनजाति समाज ने देश की आजादी के आंदोलन से लेकर विकास में बड़ा योगदान दिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक विकास प्रीतम ने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2021 में जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि आगामी 4,5 और 6 नवंबर को सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला का संचालन राजेंद्र मुंडा ने और मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत रोशनी खलखो, रवि मुंडा, भोगेन सोरेन,अनीता मुर्मू, आनंद टुडू ने किया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी,मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री और विभिन्न मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, आयोजन समिति की जिला की टीम शामिल हुई।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को मोदी सरकार ने दी वैश्विक पहचानः आदित्य साहू

**कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि झारखंड और जनजाति गौरव दिवस का गहरा नाता है। हम सभी उसी भूमि के निवासी हैं जहां 150 वर्ष पूर्व भगवान बिरसा मुंडा ने जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक आदिवासी महानायकों को सम्मानित नहीं किया। केवल चुनाव में नारे दिये, वोट मांगे लेकिन सम्मान नहीं दिया। आज मोदी सरकार विकास भी कर रही और सम्मान भी दे रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाकर वहां की पवित्र मिट्टी को अपने माथे पर लगाया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के अवसर पर उनके संदेशों को जन जन तक ले जाने का आह्वान किया।**

# सांसद विद्युत वरण महतो ने बाबूलाल सोरेन के लिए मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के तहत जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने गालूडीह मंडल अंतर्गत उल्दा पंचायत के कोड़ासाई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया और स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने लोगों से आगामी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सांसद ने कहा कि घाटशिला की जनता विकास चाहती है, रोजगार चाहती है और स्थायी परिवर्तन चाहती है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल सोरेन जैसे कर्मठ और जमीनी नेता को जिताकर ही घाटशिला के विकास का मार्ग प्रशस्त करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधारी उपस्थित रहे। क्षेत्र में सांसद के जनसंपर्क से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

# बाबूलाल सोरेन की फेक एआइ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता





**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को बदनाम करने के उद्देश्य से फेक एआइ से बने हुए इमेज/ वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर घाटशिला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस संबंध में बाबूलाल सोरेन के निर्वाचन अभिकर्ता दीपक कुमार महतो द्वारा घाटशिला के निर्वाची पदाधिकारी को लिखित शिकायत की गयी थी। चुनाव आयोग ने उक्त शिकायत को प्रथम द्दष्टया सही पाते हुए, शनिवार को घाटशिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

घाटशिला थाने में बीएनएस की धारा 223/ 356(2), इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट की धारा 66(उ) एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (1951) की धारा 127(अ) के तहत दर्ज इस मामले में दंडाधिकारी ने इस मामले को प्रथम द्दष्टया सही मानते हुए इसे आदर्श आचार संहिता एवं आइटी एक्ट का उल्लंघन माना है। बताया गया है कि इन पोस्ट्स में न सिर्फ बाबूलाल सोरेन की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया, बल्कि मतदाताओं को गुमराह कर चुनावी माहौल को भटकाने की भी साजिश थी। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने स्पष्ट कहा है कि यह सब एक सोची-समझी चाल के तहत किया जा रहा है ताकि जनता के बीच उनके बढ़ते समर्थन को रोका जा सके। इस घटनाक्रम पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि घाटशिला में अपनी आने वाली हार को देखते हुए जेएमएम अब राजनीति के सबसे निम्न स्तर पर उतर आया है। जेएमएम के आइटी सेल और उससे प्रायोजित कई फर्जी सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए निरंतर बाबूलाल सोरेन के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है।

# रिम्स पहुंचे मंत्री डॉ इरफान अंसारी, घायलों का हाल जाना

## बुंडू सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी रांची के बुंडू में हुए सड़क हादसे के घायलों का हाल जानने स्वयं शनिवार को रिम्स पहुंचे। उन्होंने मरीजों से मुलाकात की और चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी ली और घायलों के बेहतर इलाज की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। रिम्स निदेशक और सुपरिंटेंडेंट को उन्होंने सख्त चेतावनी दी। मृतकों के परिजनों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की और घायलों को व्यक्तिगत मदद दी गयी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मारे गये परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। इसके बाद मंत्री रिम्स पहुंचे और ब्लड बैंक समेत विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। मरीजों से बातचीत कर उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और सुविधाओं की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि कुछ निजी अस्पताल 4-5 लाख रुपये तक का खर्च वसूलने के बाद मरीज को रिम्स भेज देते हैं, जो गंभीर अपराध है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी। नियमावली और निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। कोई भी मरीज पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा। सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में हाईटेक उपकरणों की तत्काल खरीद प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इससे डाइग्नोसिस और उपचार दोनों में गति और गुणवत्ता आयेगी। चाइबासा में घटी घटना को लेकर मंत्री ने कहा कि पूरी जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होगी। प्रारंभिक संकेतों में राजनीतिक साजिश की बू भी मिली है, जिसकी गहन जांच कराय जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। प्रारंभिक एक्शन पर्याप्त नहीं। यदि किसी ने साजिश रची है, तो उसे भी छोड़ा नहीं जायेगा।

# वोटर एकजुट, भाजपा की जीत तय : रामकुमार पाहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत फारेस्ट ब्लाक पंचायत मे खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन और मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री गौर चंद्र पात्र ने विभिन्न गांवों का दौरा किया और भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में कमल फूल के निशान पर मतदान करने का अपील की। रामकुमार पाहन ने कहा कि घाटशिला की हर गली, हर घर से एक ही आवाज उठ रही है अब चाहिए विकास, जनसेवा और भरोसे की राजनीति! जनता एकजुट है, उम्मीदें जुड़ रही हैं और विश्वास बन रहा है भाजपा की ताकत। उन्होंने कहा कि क्रमांक संख्या 1 बाबूलाल सोरेन बन चुके हैं घाटशिला की पहली पसंद, क्योंकि अब घाटशिला का हर घर कह रहा है।

**अब बदलेगा घाटशिला, अब होगा विकास :** मौके पर रसानंद पातर, कमल कृष्ण कुईला, शिव शंकर लोहार, मंगल मुर्मू, राम पातर, रविलाल हांसदा, राजेंद्र नाथ मुर्मू, मिठून मुर्मू, सिंहराई मांडी, चंपाई हेम्ब्रम, परबत धीबर, सोमाई माहली, चित्त धीबर सहित कोई ग्रामीण उपस्थित थे।






# जागे भगवान श्रीविष्णु, कल से बजेगी शहनाई

## ■ सनातनियों ने किया देवोत्थान एकादशी पूजन ■ शालिग्राम और माता तुलसी का हुआ विवाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** क्षीरसागर में सोये श्रीविष्णु कार्तिक शुक्ल एकादशी शनिवार को देवोत्थान एकादशी के दिन जागे। श्रीहरि पीछले चार माह से शयन में थे। इस कारण विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं हो रहे थे। लेकिन प्रबोधिनी एकादशी पर उनके जागते ही सभी मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ हो गये। भक्तों ने श्रद्धाभाव से शालिग्राम रूप में भगवान श्रीविष्णु से माता तुलसी का विवाह रचाया। साथ ही अब शहनाईयां बजने लगेंगी। गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार आदि शुभ कार्य खरमास के पूर्व तक चलेगा। सनातनियों ने नेम-निष्ठा से व्रत-उपवास रख भक्ति में रमें रहे। गोधूलि बेला में पूजा-अर्चना के साथ तुलसी विवाह का रस्म निभाया। घर-आंगन में चावल के आटे से बने लेप से रंगोलियां सजायी गयी। माना जाता है कि इससे नकारात्मक शक्ति का नाश होता है। घरों में माता लक्ष्मी का आशीर्वाद सदा बना रहता है।

**अब श्रीविष्णु संभालेंगे सृष्टी :** आचार्य अजय मिश्रा ने बताया कि चार माह तक भगवान शिव सृष्टी के प्रभारी थे, लेकिन योगनिद्रा से जागते ही भगवान श्रीविष्णु अब कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीविष्णु के बैगर किसी भी तरह के मांगलिक कार्य करना शास्त्रसम्मत नहीं माना जाता। इस कारण चार माह तक मांगलिक कार्य पर ब्रेक लगा रहा। दो नवंबर से शहनाईयां बजने लगेगी। अन्य शुभ कर्म भी किये जायेंगे।

**देवउठनी एकादशी पर निराश्रितों को कराया भोजन :** देवउठनी एकादशी पर शनिवार को श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम, पुंदाग अवस्थित अपना घर आश्रम के निवास कर रहे 42 असहाय निराश्रितों को भोजन कराया गया। ऋषभ कुमार और कनिष्क कुमार ने इसमें मुख्य रूप से सहयोग दिया। साथ ही आश्रम में 26 नवंबर तक का राशन भी प्रदान किया। रिलायंस क्लब, अद्वित झा, निशि शरण, आशा श्रेष्ठ, शिवा सिंह, सुनीता चौधरी, विकास पटानी जयपुर, संजय साहू, शंकर लाल मोदी, अमरेश आर्य,ज्ञानचंद शर्मा, दिलीप गुप्ता, पीआर मोदी, विजय कुमार अग्रवाल, कविता वेंकट, अलका रंजन, राहुल आनंद, सुजीत गोस्वामी, राकेश कुमार दास,निर्मल छावनिका, संजय अग्रवाल, सुरेखा साहू ने भी सेवा कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए ब्लेयर अपार्टमेंट सुपर 9 ग्रुप के सौजन्य से 51 कंबल दिया गया। दिनेश सर्राफ ने 50 ट्रैक सूट आश्रम में रह रहे सभी निराश्रित, मंदबुद्धि, दीनबंधुओं को प्रदान किया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू भैया, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,नंद किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधुसूदन जाजोदिया,पवन कुमार पोद्दार, विष्णु सोनी ने भी मुख्य रूप से भागीदारी निभायी।



### तिरुपति अपार्टमेंट में रचाया गया तुलसी विवाह

तिरुपति अपार्टमेंट, कांके रोड में देवउठनी एकादशी के मौके पर श्रद्धाभाव से माता तुलसी संग शालिग्राम रूप में श्रीविष्णु का विवाह रचाया गया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ की ओर से उनके आवास में इसका आयोजन किया गया। इसमें सर्राफ परिवार के सदस्यों ने खास तौर से हिस्सा लिया। मौके पर अपार्टमेंट के लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। तुलसी माता के पौधे को चुनरी, नारियल, फूल-मालाओं, दीपक और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। अनुराधा सर्राफ ने एकादशी का व्रत रख, नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना की। आरती उतार सब के लिए मंगल का अशीर्वाद मांगा। मौके पर तुलसी माता का विवाह शालिग्राम रूपी भगवान विष्णु से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कराया गया। पूजा के दौरान शंख, घंटी और जय जय तुलसी माता और ओम नमो भगवते वासुदेवाय की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा।

### प्रबोधिनी एकादशी पर पूजे गये श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में शनिवार को प्रबोधिनी एकादशी पर विशेष पूजा-अर्चना की गयी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद अर्चकों ने दूध,दधि,शहद, गंगाजल आदि से भगवान का महाभिषेक किया। शृंगार पूजन कर आरती उतारी। महास्तुति कर सब के लिए मंगल कामनाएं की। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास अभिषेक और पूजन-अनुष्ठान कराने वालों में मुख्य थे। शशिभूषण सिंह, वीणा सिंह, मोहनलाल खुटेटा, अमरेश कुमार गुप्ता, उषा गुप्ता, आशीष अग्रवाल, अश्विका अग्रवाल आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया। राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, घनश्याम दास शर्मा, रंजन सिंह, सुशील गाड़ोदिया, शंभूनाथ पोद्दार आदि मौके पर उपस्थित थे।

# 5.60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसएसपी राकेश रंजन की गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी पारस राणा और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस ने तीन अंतरराज्य ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 28.59 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गयी है। जब्त ब्राउन शुगर की बाजार कीमत 5.60 लाख रुपया बतायी जा रही है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिटी एसपी ने बताया कि एसएसपी को 31 अक्टूबर की देर रात गुप्त जानकारी मिली कि कुछ लोग बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लेकर रांची रेलवे स्टेशन के रास्ते पहाड़ी मंदिर होते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र की ओर मोटर साइकिल से आ रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम ने पहाड़ी मंदिर की ओर जाने वाले बानों मंजिल रोड पर जाल बिछाया। देर रात करीब 12:30 बजे टीम को एक यामाहा मोटर साइकिल जेएच 01बी-9752 पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवारों को रोका और नियमानुसार उनका नाम पता पूछने के बाद विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान तीनों व्यक्तियों के पास से अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद हुआ। पकड़े गये तस्करों में शिवा राम, अमर कुमार यादव और सूरज कुमार शर्मा शामिल है। हिरासत में लिये गये तस्करों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने खुलासा किया कि वे सासाराम के बबन साह उर्फ मौसा जी और सूरज कुमार नाम के व्यक्तियों से ब्राउन शुगर खरीदते थे। फिर उसे रांची लाकर ऊंचे दामों पर बेचते थे। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में से एक अमर कुमार यादव का आपराधिक इतिहास भी है।

# कोर्टयार्ड बाय मैरियट होटल में केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छुटियों के मौसम का स्वागत करते हुए होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची में शनिवार को पारंपरिक केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होटल के महाप्रबंधक जैमिन ने कहा कि हमारे संस्थान में केक मिक्सिंग एक आनंददायक परंपरा है जो हमारी टीम और मेहमानों को उत्सव की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह एकता, गर्मजोशी और मीठी यादें बनाने का प्रतीक है। सेरेमनी में होटल के अतिथि, स्टाफ और प्रबंधन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण संगीत, खुशबू और उत्सव की उमंग से भर गया। केक मिक्सिंग सेरेमनी क्रिसमस उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है। इसकी परंपरा 17वीं शताब्दी में यूरोप से शुरू हुई थी। इसमें सूखे मेवे, मसाले और फल को रम, ब्रांडी या वाइन में मिलाया जाता है ताकि क्रिसमस के लिए स्वादिष्ट फ्रूट केक तैयार किया जा सके। यह परंपरा ब्रिटिशकाल में भारत आई और अब होटल व बेकरी उद्योग में इसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह समारोह खुशियों, साथ और त्योहारी उमंग का प्रतीक बन चुका है।




# सतीश झा ने सीएमपीडीआइ के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) का कार्यभार संभाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सतीश झा ने सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) का कार्यभार ग्रहण किया। श्री झा वर्तमान में इसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भी हैं।

इससे पहले, श्री झा सीएमपीडीआइ में निदेशक (तकनीकी) और एनसीएल में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। उन्होंने 1990 में नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री और 1998 में आइआइटी (आइएसएम), धनबाद से इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में एमटेक की डिग्री हासिल की। श्री झा आइआइटी-बीएचयू, वाराणसी से माइन प्लानिंग में पीएचडी भी कर रहे हैं। वे वर्ष 1990 में ही अपनी सेवा की शुरूआत बीसीसीएल से जेट के रूप में की। उन्होंने ज्यादातर कोयला उत्पादन कंपनियों में माइन मैनेजर, महाप्रबंधक (कॉरपोरेट प्लानिंग) से लेकर एरिया महाप्रबंधक के रूप में एनसीएल, सिंगरौली और एसइसीएल-बिलासपुर की विभिन्न खुली खदानों में कार्य किया।



उन्होंने एनसीएल की अमलोहरी परियोजना में ओबी टू एम-सैंड प्लांट की स्थापना और कमीशनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री झा को लांगवाल और शॉर्टवाल संचालन में सफलतापूर्वक प्रबंधन के लिए 2003 में एसइसीएल सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने आधिकारिक तौर पर जापान और आस्ट्रेलिया का दौरा भी किया है।

श्री झा के भूमिगत खदानों और खुली खदानों दोनों में 35 वर्षों का अनुभव से न केवल सीएमपीडीआइ बल्कि समूचे कोयला उद्योग लाभान्वित होगा।

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने हाथियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी

# झुंड के सुरक्षित आवाजाही के लिए ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से रोका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** वन्यजीव संरक्षण और परिचालन सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल ने एक नवंबर को बिसरा और बंडामुंडा के बीच ट्रेनों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी, ताकि हाथियों के एक झुंड को सुरक्षित मार्ग मिल सके। वन विभाग के साथ घनिष्ठ समन्वय में तथा उनके परामर्श के अनुसार, 31.10.2025 को भी कई बार मालगाड़ियों एवं यात्री गाड़ियों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोका और पुनः प्रारंभ किया गया। फील्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा रेलवे लाइन के पास हाथियों की गतिविधि की सूचना मिलते ही यह निर्णय तुरंत लिया गया। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। 01.11.2025 को 00:10 बजे से बिसरा और बॉन्डामुंडा के बीच सभी लाइनों पर ट्रेन संचालन निलंबित कर दिया गया। डाउन लाइन 2:30 बजे 30 किमी प्रति घंटा की गति सीमा के साथ चालू की गयी। बाद में 4:45 बजे सभी लाइनों पर सामान्य गति से ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू हुआ। इस दौरान कई मालगाड़ियां और यात्री गाड़ियां रोकी गयीं। दक्षिण पूर्व रेलवे निरंतर सुरक्षा, करुणा और उत्तरदायित्व के मूल्यों का पालन करता है तथा वन्यजीव संरक्षण और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को दोहराता है।

# बाबा विद्यापति स्मारक समिति में देवोत्थान एकादशी और तुलसी विवाह पूजा संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में शनिवार को देवोत्थान एकादशी एवं तुलसी विवाह पूजा वैदिक विधि से पंडित बिंदु शेखर झा द्वारा संपन्न हुई। इस अवसर पर यजमान के रूप में संयुक्त सचिव संतोष मिश्रा ने पूजा आरंभ की और अध्यक्ष जयंत झा ने विश्व शांति और कल्याण की कामना की। पूजा उपरांत शीतल प्रसाद वितरण और भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें मृत्युंजय झा, डॉ. पंकज रॉय, मनोज झा, सुमन झा, विनय सिंह, सौरभ कुणाल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। मिथिला में आज से शुभ कार्यों की शुरूआत मानी गयी है। देवोत्थान एकादशी के साथ, भगवान विष्णु की नींद से जागने का पर्व मनाया गया, जो भगवान विष्णु के शयन के बाद मांगलिक कार्यों की शुरूआत का प्रतीक है।



# सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन सत्र आयोजित किया। इस समारोह में झारखंड के पुलिस महानिदेशक (रेलवे), अनिल पाल्टा, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनिल पाल्टा ने एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत की स्थिति, भ्रष्ट आचरण से होने वाले आर्थिक नुकसान और भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। पलटा ने भ्रष्टाचार को कम करने के लिए नागरिक-अधिकारी संपर्क को न्यूनतम करने, ई-गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग को बढ़ावा देने और निर्णय लेने में पारदर्शिता की वकालत की। उन्होंने प्रक्रियात्मक संहिताकरण, सतर्कता जागरूकता और अधिक जवाबदेही के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के विषय सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी के प्रति सेल की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि और संगठनात्मक कार्यप्रणाली के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।



# आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा ने अपनी चेन बेचकर बुंडू सड़क हादसे में घायल इलाजरत लोगों की मदद की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी युवा नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा ने संवेदनशीलता का परिचय दिखाया है। वे शनिवार को रिम्स में बीते दिनों बुंडू क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल इलाजरत मरीजों से मुलाकात की और उनके परिजनों को पांच-पांच हजार रुपये की राशि सौंपी। इस अवसर पर ज्योत्सना केरकेट्टा ने कहा कि जिस दिन से घटना घटी है। समाज की दुर्दशा देखकर काफी चिंता हो रही थीं। कुछ करने की चाहत में जब पैसों का इंतजाम नहीं हुआ तो उन्होंने अपने पास रखे एक सोने की चेन को बेच दिया और उससे मिले पैसे से रिम्स में इलाजरत लोगों को देकर, उन्हें छोटी सी आर्थिक मदद करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन और घायलों की हर कोई अपने स्तर से मदद कर रहा है। उनका भी किया गया यह कार्य यदि समाज को लाभ पहुंचाता है तो आगे भी हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य करेंगी। ज्योत्सना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टीका-टिप्पणी करने वालों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोग उनपर अनायास टिप्पणी न करें। उन्होंने कहा कि वे तो कोई सांसद हैं और न ही कोई विधायक हैं। उन्होंने आदिवासी-मूलवासी के हित में कुछ करने की मंशा से कार्य करती हैं। वे दिखावा करने जैसा कोई काम नहीं करती। उन्होंने कहा कि अभद्र टिप्पणी करने वाले टिप्पणी करने से बजाए लोग यदि समाज हित में रिम्स पहुंचकर मरीजों की मदद करें तो अच्छा होगा।



# अडाणी फाउंडेशन ने पांच युवाओं को सिंगरौली परियोजना में दिलायी नौकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन की ओर से आयोजित रोजगार मेले में पांच युवाओं का चयन सुरक्षा गार्ड के रूप में किया गया है। बड़कागांव स्थित फाउंडेशन के कार्यालय में इन युवाओं को परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन युवाओं को मध्यप्रदेश के सिंगरौली परियोजना में पोस्टिंग मिली है। चयनित उम्मीदवारों में रंजीत भोक्ता, प्रमोद गंझू, मुकेश कुमार, पवन गंझू और चितरंजन गंझू शामिल हैं। इन युवाओं ने अपना बायोडेटा नौ सितंबर को आयोजित रोजगार मेले में जमा की थी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया के बाद इनका चयन किया गया है और ये शीघ्र ही अपनी नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। अडाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता फाउंडेशन की रोजगार सृजन पहल की सकारात्मक दिशा को दर्शाती है। फाउंडेशन स्थानीय युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चयनित उम्मीदवारों को हर महीने वेतन के साथ कर्मचारी भविष्य निधि, वार्षिक मेडिकल जांच, सस्ते दर पर भोजन, आवास सुविधा और इंसेंटिव जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अडाणी फाउंडेशन लंबे समय से बड़कागांव इलाके में सीएसआर गतिविधियों को निरंतर चला रहा है। इसके तहत फ्री एम्बुलेंस सेवा, टीबी मरीजों को पोषण किट, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, शैक्षणिक सहयोग और छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं, जिनसे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, एचआर विभाग के लक्ष्मीकांत, सीएसआर विभाग के प्रबंधक मोहित गुप्ता और संतोष तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।










# जन्मोत्सव पर श्रीश्याम प्रभु का मनोहारी शृंगार

## मंदिरों में शृंगार-पूजन के साथ देर रात तक बही भक्ति धारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रबोधिनी एकादशी शनिवार को खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने अपने इष्ट श्रीश्याम प्रभु का दिव्य मनोहारी शृंगार किया। देर अष्टप्रहर भक्ति में रमे रहे। किसी ने दर्शन-पूजन कर श्रद्धा अर्पित की तो किसी ने भजन-संकीर्तन कर भक्ति रसधारा बहायी। सुबह से मंदिरों में खाटू नरेश के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता सा लगा रहा। श्रीश्याम मित्र मंडल, श्रीश्याम मंडल, श्रीश्याम संघ और श्रीश्याम परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रमों के क्या कहने।

### हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

श्रीश्याम मित्र मंडल के हरमू रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को शीश के दानी बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सुबह से देर रात तक विविध कार्यक्रम हुए। शृंगार-पूजन और आरती के साथ भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम का खास आयोजन किया गया। श्रीश्याम प्रभु के दर्शन-पूजन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। खाटू नरेश के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित कर देर रात तक भक्ति में रमे रहे। देश के विभिन्न राज्यों से मंगाये गये फूलों की मालाओं से बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार किया गया। मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने प्रातः कालीन बाबा का दिव्य श्रृंगार किया। रजत सिंहासन पर विराजें बाबा का मनभावन स्वरूप देखते ही बन रहा था। दिन के 11:30 बजे श्यामसुंदर शर्मा ने पत्नी मीरा शर्मा संग तुलसी विवाह अनुष्ठान में हिस्सा लिया। मंगल आरती उतारी। दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चला। रात 9:30 बजे जन्मोत्सव का मुख्य कार्यक्रम शुरू हुआ। तारादेवी कटरुका परिवार की ओर से अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गयी। इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। पहले महामंत्री गौरव अग्रवाल, अनुज मोदी, राजेश चौधरी, सलज अग्रवाल आदि ने भजनों की माला से दरबार में हाजरी लगायी। मंत्री विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, राजेश ढानढनिया, रोहित अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया। महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि रविवार को सुबह साढ़े सात बजे बाबा श्रीश्याम की द्वादशी अखंड ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।

### श्याम जी कमाल हो गया, बंदा तेरा मालामाल हो गया ...



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ में शनिवार को सुबह से देर रात तक भक्ति रस धारा बहती रही। मंदिर में सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद श्रीश्याम प्रभु को नवीन बागा पहनाया गया। स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर 21 प्रजातियों फूलों से शीश के दानी का मनोहारी शृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार हुआ। दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। भक्त आते श्रीश्याम प्रभु के सजे दरबार में माथा टेक, श्रद्धा अर्पित करते। बजरंगबली और भगवान शिव का दर्शन कर लौट जाते। इस दौरान श्रीश्याम मंडल की ओर से सभी के बीच प्रसाद बांटा गया। साथ ही मंडल के सदस्यों ने बाबा के जन्मोत्सव पर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, सेवासदन पथ में दिन के साढ़े दस बजे से अन्नपूर्णा सेवा भी दी। सांझ ढलते रंग-बिरंगी लाइटों से मंदिर परिसर जगमगा उठा। इस बीच मंडल सदस्यों ने श्रीगणेश वंदना कर श्याम जी कमाल हो गया, बंदा तेरा मालामाल हो गया ... और माता मोर्वी क आंगणियों मं श्याम लियो अवतार बैठ्यो रांची मं लगाकर दरबार श्याम धनी राज करे ... जैसे भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया। भक्तों ने प्रभु को खीर-चूरमा के साथ छप्पन भोग भी लगाया। रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, बालकिशन परसरामपुरिया, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद बगड़िया, अमित जलान, विकाश पाड़िया, नितेश केजरीवाल, ज्ञान प्रकाश बागला, प्रियांश पोद्दार, महेश सारस्वत और सुमित पोद्दार आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में गोंदा थाना क्षेत्र के मिसिर गोंदा स्थित लोहरा कोचा बस्ती में एक पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। जांच-पड़ताल और स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के भेज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिबू कच्छप और उसकी पत्नी राहिल कच्छप के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। शिबू को अपनी पत्नी पर ही शक था।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची रेल मंडल में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा



रांची (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रांची रेल मंडल में 01 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के गौरवशाली इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी एवं उनके अद्वितीय योगदान पर आधारित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ सहायक कार्मिक अधिकारी मदन कुमार तथा हटिया स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार वर्णवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह प्रदर्शनी 15 नवंबर 2025 तक प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर प्रदर्शित की जायेगी, ताकि यात्रीगण एवं आगंतुक झारखंड के जनजातीय वीर सपूतों के योगदान और उनके त्याग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रदर्शनी में बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, फूलो-झानो तथा अन्य जनजातीय नायकों के जीवन, संघर्ष और बलिदान को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर वेलफेयर इंस्पेक्टर हेमलाल लकड़ा, गुरुचरण सिंह, मो. शहजाद, रामा राव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्री हटिया रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे।

### हिदायतुल्लाह खान ने सोमेश सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान किया तेज



घाटशिला(आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और झामुमो के वरिष्ठ नेता हिदायतुल्लाह खान ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में सक्रिय जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर मतदाताओं से सीधे संवाद कर मतदान के लिए जागरूक किया। हिदायतुल्लाह खान ने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय से 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा घर की महिलाओं को भी सुबह चाय-नाश्ते से पहले मतदान कराना सुनिश्चित करना चाहिए। श्री खान ने कहा सोमेश सोरेन की जीत स्वर्गीय रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे प्रभावी तरीका होगा। इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा महिलाओं के खाते में हर महीने 2,500 रुपये की राशि, बेरोजगारी दूर करने और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास झामुमो सरकार की प्राथमिकताएं हैं।

## श्यामनगर में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कार्रवाई से ब्राउन शुगर तस्करों में हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार को कांके रोड पर स्थित गांधीनगर सीसीएल कॉलोनी से सटे श्यामनगर में छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई से ब्राउन शुगर तस्करों में हड़कंप मच गया है। टीम का नेतृत्व कर रहे सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में विक्की यादव नाम का एक स्थानीय युवक ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में सक्रिय है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित की गयी, जिसने तत्परता दिखाते हुए मौके पर छापेमारी की। हालांकि कार्रवाई से पहले ही मुख्य तस्कर विक्की यादव भाग निकला। उसके भाई को कल यानी रविवार को विक्की को लेकर गोंदा थाना पहुंचने को कहा गया है। पुलिस पूछताछ में यह सामने आया है कि विक्की यादव स्थानीय स्तर पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करता है और नशे के इस नेटवर्क में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। डीएसपी संजीव बेसरा के अनुसार राजधानी रांची में नशे के अवैध कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। टीम में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार की भूमिका काफी अहम रही। यहां बताते चलें कि, पुलिस जब अपनी कार्रवाई कर रही थी, उस समय पूरे मोहल्ले की महिलाएं पुलिस के समर्थन में बाहर निकल आईं। महिलाओं को कहना था कि, इन तस्करों की वजह से मोहल्ला काफी अशांत हो गया है। यहां रहने में अब उन्हें डर लगने लगा है। उन्होंने पुलिस को इस कार्रवाई के लिए आभार जाताया।

**पुलिस के समर्थन में आयी कॉलोनी की महिलाएं**

# इक्फाई विश्वविद्यालय को मिला एजुकेशन इंपैक्ट अवार्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को करियर रेडीनेस और इंडस्ट्री कोलैबोरेशन के लिए आइआइआरएफ एजुकेशन इंपैक्ट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। इक्फाई के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने नयी दिल्ली के ले मेरिडियन में फेडरेशन ऑफ वर्ल्ड एकेडमिक्स के 8वें सालाना कॉन्क्लेव में यह अवार्ड प्राप्त किया। अवार्ड विश्वविद्यालय के इनोवेटिव और रिजल्ट-ओरिएंटेड प्लेसमेंट प्रोसेस, छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के लिए तैयार करने पर इसके मजबूत फोकस और पूर्वी भारत में इंडस्ट्रीज व संस्थानों के साथ स्थापित कोलैबोरेशन के बड़े नेटवर्क को पहचान देता है। कर्नल डॉ रंजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में, विश्वविद्यालय ने एक अनोखा करियर रेडीनेस मॉडल लागू किया है, जो इंडस्ट्री-एकेडेमिया मीट, इंटर्नशिप इंटीग्रेशन, एम्प्लॉयबिलिटी स्किल एनहांसमेंट प्रोग्राम और प्लेसमेंट तैयारी बूटकैंप जैसी पहलों के माध्यम से एकेडमिक लर्निंग को प्रैक्टिकल इंडस्ट्री एक्सपोजर के साथ इंटीग्रेट करता है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित संगठनों के साथ बड़ी संख्या में स्ट्रेटेजिक कोलैबोरेशन को भी सफलतापूर्वक सुविधाजनक बनाया है, जिससे इसके छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। साथ ही इनोवेशन-संचालित लर्निंग को बढ़ावा मिला है।

**कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने जताया आभार :**

आभार व्यक्त करते हुए, कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने कहा, आइआइआरएफ द्वारा यह पहचान एकेडेमिया और इंडस्ट्री के बीच मजबूत पुल बनाने के लिए हमारी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र इंडस्ट्री के लिए तैयार पेशेवर बन रहे हैं, जो देश के विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं। यह अवार्ड उन संस्थानों को मान्यता देता है जिन्होंने भारत में उच्च शिक्षा और रोजगार क्षमता बढ़ाने में असाधारण योगदान दिया है। कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने शिक्षाविद्, नीति निमार्ता और शिक्षा नेता शामिल हुए।

## कार्यक्रम : पिस्कामोड़ गुरुद्वारा साहिब में प्रभातफेरियों का भव्य स्वागत

# टूटे बंधन पूरन आसा हरि के चरण रिद माहि निवासा...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्रीगुरुनानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व पर शनिवार को भी शहर के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली गयी। गुरुनानक सत्संग सभा की फेरी सुबह पांच बजे कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड गुरुद्वारा साहिब से निकली। फेरी में शामिल श्रद्धालु शबद गायन करते हुए बिड़ला बोर्डिंग, रातू रोड पहुंचे तो दूसरी ओर से श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड और पिस्का मोड़ गुरुद्वारा साहिब से निकली प्रभातफरी के साथ सभी का मिलन हुआ। इसके बाद तीनों साथ मिल कर श्रीगुरु सिंह सभा के पिस्का मोड़ गुरुद्वारा साहिब आये। यहां सभी का गर्मजोशी से पुष्प वर्षा और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। सभी के बीच खाने-पीने के समान बांटे गये। अरदास के साथ प्रभातफेरी की समाप्ति हुई। यात्रा के दौरान स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, नीता मिढ्ढा, रेशमा गिरधर, मनजीत कौर, जसपाल मुंजाल, सुंदर दास मिढ्ढा ने हरि गुण तोटि न आवई, कीमति कहण न जाई नानक गुरमुख हरिगुण रवहि, गुण महि रहे समाई .... और तूटे बंधन पूरन आसा हरि के चरण रिद माहि निवासा... जैसे शबद गायन कर साध संगत को गुरुवाणी से जोड़ा।

**श्रीनिशान साहिब जी को नया चोला पहनाया गया**

गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रीनिशान साहिब जी को नया चोला पहनाया गया। समूह साथ संगत के साथ मनीष मिढ्ढा ने वाहेगुरु से अरदास कर चोला बदलने की आज्ञा मांगी। इसके बाद गुरु घर के सेवक हरविंदर सिंह हन्नी ने चोला बदलकर, श्रीनिशान साहिब को नया चोला पहनाया। चोला बदलने के दौरान साध संगत लगातार शबद गायन और वाहेगुरुजी का जाप करते रहे।

**प्रभातफेरी का समापन कल, तीन को नगर कीर्तन**

गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर विविध गुरुद्वारा साहिब से निकाली जाने वाली प्रभातफेरियों का समापन दो नवंबर को होगा।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 24/2025–26**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 10.11.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 11.11.2025 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 11.11.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of PCC road and Retaining wall from aata chakki mil of imtiyaj mia to border area of singra kala in ward no 1 Under Medininagar Municipal Corporation. | 837650 | 16800 | 5000 | तीन माह |
| 2 | Construction of pcc road & rcc drain From juggal saw house via vashishth pandey house to shankar saw house in ward no 2 under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 895320 | 17950 | 5000 | तीन माह |
| 3 | Laying of paver block from late gopal singh house to anand kumar house in ward no 2 Under Medininagar Municipal Corporation | 609500 | 12200 | 5000 | तीन माह |
| 4 | Construction of P.C.C. road from guddu gupta house to bhushan ji house in ward no 2 under medininagar municipal Corporation | 396740 | 7950 | 1000 | तीन माह |
| 5 | Laying of paver block from (i) poonam devi house to praveen kumar house (ii) sheela devi house to prabhat kunwar house via rakesh mishra house in ward no 3 Under Medininagar Municipal | 834766 | 16700 | 5000 | तीन माह |
| 6 | Construction of RCC drain slab and pcc road from rajaram house to nirbhay singh house in ward no 3 under Medininagar Municipal Corporation | 985890 | 19750 | 5000 | तीन माह |
| 7 | Construction of P.C.C. road from pcc road to boundary wall in ward no 3 under medininagar municipal Corporation | 425252 | 8550 | 1000 | तीन माह |
| 8 | Laying of paver block from (i)uday singh house to anil singh house (ii) rajan singh house to rohit kumar house in ward no 3 Under Medininagar Municipal Corporation | 689490 | 13800 | 5000 | तीन माह |
| 9 | Construction of P.C.C. road from babita devi house to sunil pathak house in ward no 3 under medininagar municipal Corporation | 271324 | 5450 | 1000 | तीन माह |
| 10 | Construction of RCC drain and pcc road from main road via ashish bhardwaz house to sudip ram house in ward no 3 under Medininagar Municipal Corporation | 822170 | 16500 | 5000 | तीन माह |
| 11 | Laying of paver block from (i) preet ram house to yadav ji house (ii) santosh kumar house to devendra sharma house in ward no 3 Under Medininagar Municipal Corporation | 977460 | 19600 | 5000 | तीन माह |
| 12 | Laying of paver block from abhay kumar singh house to surendra yadav house in ward no 4 Under Medininagar Municipal Corporation | 274551 | 5500 | 1000 | तीन माह |
| 13 | Laying of paver block from panki main road to bachan thakur house in ward no 4 Under Medininagar Municipal Corporation | 680903 | 13700 | 5000 | तीन माह |
| 14 | Construction of P.C.C. road from santosh pal house to surendra prasad gupta house in ward no 4 under medininagar municipal Corporation | 351900 | 7050 | 1000 | तीन माह |
| 15 | Renovation of crematorium shed near tedhwa nala in ward no 4 under medininnagar municipal corporation | 461550 | 9250 | 1000 | तीन माह |
| 16 | Construction of (i) pcc road from pcc road to other pcc road in ward no 6 under Medininagar Municipal Corporation, | 496003 | 9950 | 1000 | तीन माह |
| 17 | Construction of RCC Culvert Near Ahar in ward no. 6 under Medininagar Municipal Corporation. | 144897 | 2900 | 1000 | तीन माह |
| 18 | Laying of Paver Block (i)bhardul singh's house to Anuj Tiwari's house via Manish Pathak's house (ii)Jitendra Tiwari's house to Krishna Tiwari's house via Manish Pathak's house (iii)Niranjan Pandey's house to Shashikant Shukla (iv)Krishna Tiwari's house to Nagendra Upadhyay's (v)Krishna Tiwari's house to Birendra Tiwari's house nahar road janakpuri in ward no. 08 under medininagar municipal corporation | 865140 | 17350 | 5000 | तीन माह |
| 19 | Laying of Paver Block near Ramakant Singh's house, Hamidganj (ii) RCC Drain & PCC over old PCC road from Deepak Kumar house to Ravi kumar house via. Vinod Ram house (iii) Culver near Sanskar Soni Hamidganj in ward no. 12 under medininagar municipal corporation | 835010 | 16750 | 5000 | तीन माह |
| 20 | Construction of (i) Pcc road from Rajendra Bhuiyem's house to sanjay bhuiyan's House (ii) Pcc Road Over old Pcc Road from bhola saw house from Jitendra sing's House to Ram Niwas (iii) RCC Drain from omg lala house to durga Ram's house (iv) Rcc Drawin slab near durga Ram's house at bhuiyan toli Abadganj in ward no. 14 under medininagar municipal corporation | 916270 | 18500 | 5000 | तीन माह |
| 21 | Construction of pcc road from chintu lala's house to naresh babu's house via anand singh's house at ward-15 under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 553630 | 11100 | 5000 | तीन माह |
| 22 | Construction of RCC drain from bright land school to K.P.J complex at ward-15 under Medininagar Municipal Corporation. | 851640 | 17100 | 5000 | तीन माह |
| 23 | Construction of pcc road fromamod kumar sharma's house via ranjit kumar tiwari to shashi bhusan sharma's house at ward-17 under Medininagar Municipal Corporation, | 996400 | 19950 | 5000 | तीन माह |
| 24 | Construction of PCC road from canal via amrendra kumar pandey's house to amod kumar pandey's house at ward-17 under Medininagar Municipal Corporation | 999630 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 25 | Construction of P.C.C. road from main road (2 No. Town)via chhotu singh's house to basant ram's house at ward no-19 under medininagar municipal Corporation | 652880 | 13100 | 5000 | तीन माह |
| 26 | Construction of RCC drain & PCC road from paramhans sharma's house to arun dubey's house at ward-20 under Medininagar Municipal Corporation. | 354300 | 7100 | 1000 | तीन माह |
| 27 | Construction of RCC beside Gurudwara Road Near Belwatika Gurudwara and Drain Slab near Mohan Cinema in ward no. 23 under medininagar municipal corporation | 169210 | 3400 | 1000 | तीन माह |
| 28 | Detailed Estimate for Stainless Steel Railing in Gandhi Park Under Medininagar Municipal Corporation W- 23 under medininagar municipal corporation | 757690 | 15200 | 5000 | तीन माह |
| 29 | Construction of RCC drain from Old Medininagar Building Parking Area to Lok Adalat in ward -24 under Medininagar municipal Corporation | 493110 | 9900 | 1000 | तीन माह |
| 30 | Construction of RCC Drain and Hume Pipe from Judge Colony gate to JMM office (JAGAT KUTIR) in ward no. 24 under medininagar municipal corporation | 486900 | 9750 | 1000 | तीन माह |
| 31 | Construction of Platform/Chabutra with Canopy at Ambedkar park Under Medininagar Municipal Corporation W- 24 under medininagar municipal corporation | 997830 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 32 | Construction of Chamber,RCC Drain,Hume Pipe and Brickwall in front of RSS Office Bada Nala in ward no. 25 | 369050 | 7400 | 1000 | तीन माह |
| 33 | Construction of RCC Conduit near Military Man More Kund Muhallah in ward no. 26 under medininagar municipal corporation | 339260 | 6800 | 1000 | तीन माह |
| 34 | Construction of pcc road from Anwar master house to Sahabuddhin ansari house via khurshid ansari house in ward no. 31 under medininagar municipal corporation | 829980 | 16600 | 5000 | तीन माह |
| 35 | Construction of RCC drain from Manshoor khan house to Farid khan house near paneri bandh under in ward no. 31 medininagar municipal corporation | 563480 | 11300 | 5000 | तीन माह |
| 36 | Construction of PCC road and RCC Drain from Master nasimuddin ansari house to Garhwa main road in ward no. 31 under medininagar municipal corporation | 915110 | 18350 | 5000 | तीन माह |
| 37 | Construction of PCC Near Panchayat Bhawan Shahpur, Bank of river Under Medininagar Municipal Corporation W- 32 under medininagar municipal corporation | 441600 | 8850 | 1000 | तीन माह |
| 38 | Construction of RCC Drain from Bali chodhery house to Kariman chodhery house in ward no. 33 under medininagar municipal corporation | 796540 | 15950 | 5000 | तीन माह |
| 39 | Construction of (i) rcc drain from Vinay singh house to Raju singh house (ii) laying of paver block from chainppur main road to prakash tent house (iii) pcc road from vivek soni house to Rajendra kasyap house in ward no. 33 Under Medininagar Municipal Corporation | 917300 | 18350 | 5000 | तीन माह |
| 40 | Construction of RCC drain from sivnath paswan house to prayag baitha house in ward no. 33 under medininagar municipal corporation | 790860 | 15850 | 5000 | तीन माह |
| 41 | Construction of pcc road from Tad tree to Suresh thakur house in ward no. 34 under medininagar municipal corporation | 873990 | 17500 | 5000 | तीन माह |
| 42 | Construction of RCC drain from Sayamu ram house to Mandhata nadi under in ward no. 35 under medininagar municipal corporation | 759260 | 15200 | 5000 | तीन माह |
| 43 | Construction of pump operatior room at bhusahi intake well under medininagar municipal corporation | 418380 | 8400 | 1000 | तीन माह |
| 44 | Renovation of Chemical room and dust filling with guard wall beside CLF at WTP belatika under medininagar municipal corporation | 365440 | 7350 | 1000 | तीन माह |
| 45 | Supply, Installation and Commissioning of Starter, NRV and Sluive valve with all accessories at all supply scheme as per requirements under medininagar municipal corporation | 682670 | 13700 | 5000 | तीन माह |

ह0/–नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 365005 (District)25-26*D

# ट्रंप ने कहानी को तरजीह दी

मिस्त्र के शर्म अल शेख में ट्रंप की शांति योजना का समर्थन करने के लिए सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, इंडोनेशिया और पाकिस्तान जैसे मुस्लिम देश इकट्ठे हुए थे। इनमें से किसी ने भी दो साल चले इसराईल-गाजा संघर्ष में हिस्सा नहीं लिया था। इस क्षेत्र के वे मुस्लिम देश जो फिलिस्तीनियों के लिए लड़े थे, वे मौजूद नहीं थे। ये देश थे ईरान, लेबनान, ईराक, सीरिया, यमन। दो अन्य देश बहरीन, जहां शिया आबादी ज्यादा है और कुवैत, जहां शिया आबादी अच्छी-खासी है,शामिल नहीं थे। इन शेखी इलाकों में शियाओं पर लगाम कसी गयी है। संक्षेप में, जिन देशों ने हमास और फिलिस्तीनी आंदोलन को सैन्य और राजनीतिक समर्थन दिया, वे सभी शिया थे और शर्म अल शेख में मौजूद नहीं थे। क्या हमास या फिलिस्तीनी ऐसी योजना पर खुशी से उछल पड़ेंगे, जिसमें न तो उन्हें और न ही उनके समर्थकों को कोई जगह मिले? शिया-सुन्नी के बीच की खाई को चौड़ा करना दशकों से पश्चिमी देशों का प्रयास रहा है। मुझे याद है कि स्वर्गीय हेनरी किसिंजर ने सांप्रदायिक विभाजन को पश्चिम एशियाई राजनीति का प्रमुख विषय बताया था, जिसमें फिलिस्तीनी मुद्दा भी शामिल था। ट्रंप की योजना की पटकथा लिखनेवाले का यही दीर्घकालिक दृष्टिकोण था। जब सऊदी अरब के दिवंगत शाह अब्दुल्ला फरवरी 2011 में जर्मनी से स्वास्थ्य लाभ लेकर लौटे , तो उन्होंने पाया कि पश्चिम के 2 स्तंभ- मिस्त्र के होस्नी मुबारक और ट्यूनीशिया के जीन अल-अबिदीन बेन अली, अरब स्प्रिंग की भेंट चढ़ गये थे। शाह अब्दुल्ला ने अपनी जनता पर 136 अरब डॉलर की बारिश की। उन्होंने 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध को भड़काने के लिए पर्दे के पीछे से काम किया जो शिया क्षेत्र-सीरिया, हिजबुल्लाह, हमास और अंततः ईरान को बाधित करने का पहला चरण था। अगर सऊदी अरब की जनता अरब स्प्रिंग से इतनी उत्तेजित थी कि उसे शांत करने के लिए अरबों डॉलर की बारिश जरूरी थी तो निश्चित रूप से पड़ोस में मुसलमानों के 2 साल लंबे नरसंहार ने सऊदी जनता में और भी ज्यादा उत्तेजना पैदा कर दी होती। क्या अब्राहम समझौते के तहत क्राऊन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा इसराईल के साथ रिश्ते बनाने की जल्दबाजी के बारे में लगाई जा रही सारी अटकलें ख्वाहिशों से भरी नहीं थीं? हालांकि हमास वैचारिक रूप से मुस्लिम ब्रदरहुड के संस्थापक हसन अल बन्ना का प्रत्यक्ष वंशज था, फिर भी उसके सुन्नी पूर्वजों को जोर देने के लिए शायद ही कभी रेखांकित किया गया, क्योंकि इससे शिया गुट के सिद्धांत को भ्रमित किया जा सकता था। द टाइम्स ऑफ इसराईल ने यहूदी राज्य की एक बहुत ही नाजुक नस को छुआ है।

**ट्रंप की योजना की पटकथा लिखने वाले का यही दीर्घकालिक दृष्टिकोण था। जब सऊदी अरब के दिवंगत शाह अब्दुल्ला फरवरी 2011 में जर्मनी से स्वास्थ्य लाभ लेकर लौटे , तो उन्होंने पाया कि पश्चिम के 2 स्तंभ- मिस्त्र के होस्नी मुबारक और ट्यूनीशिया के जीन अल-अबिदीन बेन अली, अरब स्प्रिंग की भेंट चढ़ गये थे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सरदार पटेल के जीवन और कार्यों का अध्ययन केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता के लिए एक जीवंत मार्गदर्शक है। उन्होंने सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, राजनीतिक कौशल और राष्ट्रभक्ति के समन्वय से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उनकी भूमिका ने आधुनिक भारत की नींव रखने में निर्णायक योगदान दिया।**

# सरदार पटेल की अमर विरासत और भारत की अखंडता



**प्रो तपन कुमार शांडिल्य**



भारतीय इतिहास के मंच पर सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसे ध्रुवतारे के समान प्रकाशमान हैं, जिन्होंने न केवल भारत के भौगोलिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि राष्ट्रीय चेतना की वह अखंड धारा प्रवाहित की, जो आज तक प्रवहमान है। 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में जन्मे इस महानायक ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व एक साथ कई भूमिकाओं का निर्वाह करता था - एक कुशल वकील, एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ, एक अदम्य स्वतंत्रता सेनानी, और सबसे बढ़कर, एक राष्ट्रनिर्माता (भारत सरकार, 2014)।

सरदार पटेल के जीवन और कार्यों का अध्ययन केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता के लिए एक जीवंत मार्गदर्शक है। उन्होंने सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, राजनीतिक कौशल और राष्ट्रभक्ति के समन्वय से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उनकी भूमिका ने आधुनिक भारत की नींव रखने में निर्णायक योगदान दिया।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः विभाजन की विभीषिका और एकीकरण की चुनौती :** 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तब देश की स्थिति अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण थी। 562 देशी रियासतें, जिनका कुल क्षेत्रफल 5,85,332 वर्ग मील था और जिनकी जनसंख्या लगभग 9.3 करोड़ थी, भारत के मानचित्र पर बिखरी हुई थीं। इन रियासतों में विविध प्रकार की शासन व्यवस्थाएं, कानूनी ढांचे और प्रशासनिक प्रणालियां मौजूद थीं (मेनन, 1961)। इस जटिल परिस्थिति में सरदार पटेल ने रियासतों के एकीकरण का ऐतिहासिक दायित्व संभाला। उन्होंने 'स्टेट्स डिपार्टमेंट' की स्थापना की और वी.पी. मेनन जैसे कुशल अधिकारी को इसका सचिव नियुक्त किया। उनकी इस रणनीतिक सोच ने एकीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाया।

**पटेल की दृष्टि में राष्ट्रीय एकता केवल राजनीतिक एकीकरण तक सीमित नहीं थी।**

**एकीकरण की त्रिस्तरीय रणनीतिः कूटनीति, समझौता और दृढ़ता :** पटेल ने रियासतों के एकीकरण के लिए एक व्यवस्थित, बहुआयामी रणनीति अपनाई।

**1.वार्ता और कूटनीतिः** अधिकांश रियासतों से उन्होंने शांतिपूर्ण वार्ता द्वारा विलय कराया। उन्होंने रजवाड़ों को समझाया कि स्वतंत्र रहने के बजाय भारत में विलय ही उनके और उनकी प्रजा के हित में है।

**2.जनमत का सम्मानः** जहां आवश्यक हुआ, वहाँ जनता की इच्छा को प्रमुखता दी। जूनागढ़ के मामले में उन्होंने जनमत संग्रह की माँग की, जिसमें 99% जनता ने भारत में विलय के पक्ष में मत दिया।

**3.सैन्य कार्यवाहीः** हैदराबाद जैसी रियासतों में जहां निजाम ने विलय से इनकार किया, वहां 'ऑपरेशन पोलो' के तहत सैन्य कार्यवाही की गयी।

**संवैधानिक योगदानः सशक्त केन्द्र की स्थापना :** सरदार पटेल ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अध्यक्षता में 'मौलिक अधिकारों और अल्पसंख्यकों पर समिति' ने कार्य किया। उनका मानना था कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सशक्त केन्द्रीय सरकार आवश्यक है। इस दृष्टिकोण ने भारतीय संविधान के स्वरूप को गहराई से प्रभावित किया (सी.बी. दलाल, 1974)। उन्होंने केन्द्र-राज्य संबंधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अनुच्छेद 370 के संबंध में उनके मतभेद थे, फिर भी उन्होंने राष्ट्रीय हित में समझौता किया। उनका मानना था कि विशेष दर्जा देश की एकता के लिए हानिकारक हो सकता है।

**प्रशासनिक सुधारः 'स्टील फ्रेम' का निर्माण :** सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के गठन में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने इन सेवाओं को 'स्टील फ्रेम' की संज्ञा दी, जो देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने में सक्षम होगी। 21 अक्टूबर 1947 को आईसीएस अधिकारियों को दिए गए अपने ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने कहाः आपको भारत की एकता बनाए रखनी है... आपको यह याद रखना चाहिए कि आप इस समय भारत के स्टील फ्रेम का निर्माण कर रहे हैं।

उनका मानना था कि एक कुशल, निष्पक्ष और देशभक्तिपूर्ण प्रशासनिक तंत्र ही लोकतंत्र की सफलता की गारंटी है। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में भारतीयकरण पर जोर दिया और स्वतंत्रता के बाद देश की प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप नई सेवाओं के गठन का मार्ग प्रशस्त किया।

**सांस्कृतिक एकता का दर्शनः विविधता में एकता :** पटेल की दृष्टि में राष्ट्रीय एकता केवल राजनीतिक एकीकरण तक सीमित नहीं थी। वे सांस्कृतिक और सामाजिक एकजुटता में विश्वास रखते थे। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण को उन्होंने इसी दृष्टिकोण का हिस्सा बताया। उनका मानना था कि सांस्कृतिक विरासत की पुनर्स्थापना राष्ट्रीय गौरव को पुनर्जीवित करती है (किशोर, 2013)। उन्होंने कहा थाः सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारत की गरिमा और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। उनकी इस सोच ने भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**आर्थिक दृष्टिकोणः किसानों और श्रमिकों के हितैषी :** सरदार पटेल का आर्थिक दर्शन ग्रामीण भारत और किसानों के कल्याण पर केंद्रित था। बारडोली सत्याग्रह के दौरान उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा की और उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली। उनका मानना था कि देश की आर्थिक प्रगति किसानों और श्रमिकों की समृद्धि पर निर्भर करती है।

**समकालीन प्रासंगिकताः वर्तमान संदर्भ में पटेल का दर्शन :** वर्तमान समय में जब देश अलगाववाद, क्षेत्रवाद, साम्प्रदायिकता और आतंकवाद जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, सरदार पटेल का एकीकरण का दर्शन और अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनकी नीतियां आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटीः एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि :** 31 अक्टूबर 2018 को गुजरात के केवड़िया में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा है, जो सरदार पटेल के एकीकरण के सपने को समर्पित है। यह 182 मीटर ऊँची प्रतिमा न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है (टाइम्स ऑफ इंडिया, 2018)। इस प्रतिमा के निर्माण ने क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

**शिक्षा के क्षेत्र में योगदान :** सरदार पटेल शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण साधन मानते थे। उन्होंने अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों में राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करे।

**निष्कर्षः एक अमर विरासत और भविष्य की राह :** सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन और कार्य भारतीय राष्ट्रवाद की अमर गाथा है। उन्होंने न केवल भौगोलिक एकीकरण किया, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का विकास किया। उनका दृष्टिकोण आज के समय में और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, जब देश नए सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है। एकता दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके सपनों के भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### मुंबई पुलिस ने आजादनगर में मारा छापा

# आइएसआइ एजेंट के लिए पासपोर्ट बनानेवाला मोनाजिर गिरफ्तार

- ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी मुंबई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के लिए नकली पासपोर्ट तैयार करने वाले मोनाजिर को मुंबई पुलिस ने आजादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शनिवार को की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले गई।पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोनाजिर मानगो चौक स्थित एशियन इंटरनेशनल नामक कार्यालय से नकली पासपोर्ट और वीजा बनाने का रैकेट चला रहा था। बताया जा रहा है कि वह यह पूरा नेटवर्क अपने भाई दानिश खान के साथ मिलकर संचालित करता था। मोनाजिर विदेश में नौकरी का झांसा देकर लोगों से मोटी रकम वसूलता था और तैयार दस्तावेजों के जरिए उन्हें भेजने का काम स्काई वर्ल्ड ऑफिस के माध्यम से करता था।

**15 वर्षों से चला रहा था नेटवर्क :** पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि मोनाजिर पिछले 15 वर्षों से यह अवैध कारोबार चला रहा था। इस दौरान उसने कई लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगा। जांच में यह भी पता चला है कि उसका नेटवर्क झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा तक फैला हुआ था।

**परिवार के ठिकानों पर भी छापेमारी :** मुंबई पुलिस ने कार्रवाई के क्रम में मोनाजिर के भाई और पिता की मोबाइल दुकान पर भी छापा मारा। वहां से पुलिस को कई संदिग्ध दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस बरामद दस्तावेजों की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह के अन्य सदस्य कौन-कौन हैं।

**पहले भी जा चुका है जेल :** जांच में यह भी सामने आया है कि मोनाजिर का आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2017 में उलीडीह थाना क्षेत्र से एक आपराधिक मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब पुलिस उसके पुराने रिकॉर्ड और संपर्क सूत्रों की भी गहन जांच कर रही है।

# आदित्यपुर में पूर्व पार्षदों का आमरण अनशन सफल, निगम ने मानी सभी मांगें

**नगर आयुक्त पारुल सिंह और कार्यपालक अभियंता पंकज झा ने कराया अनशन समाप्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम की कार्यप्रणाली में अनियमितताओं और लापरवाही के विरोध में शनिवार से आमरण अनशन पर बैठे पूर्व पार्षद संघर्ष समिति के सदस्यों का आंदोलन रविवार शाम समाप्त हो गया। निगम प्रशासन ने आंदोलनकारियों की सभी मांगें मान लीं, जिसके बाद पूर्व पार्षदों ने अपना अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त किया।अनशन स्थल पर नगर आयुक्त पारुल सिंह और कार्यपालक अभियंता पंकज झा स्वयं पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों पर सहमति जताई। अधिकारियों ने पूर्व पार्षदों को आश्वासन दिया कि नगर निगम क्षेत्र में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाएगी।पूर्व पार्षदों ने निगम प्रशासन पर जन समस्याओं की अनदेखी और कार्य प्रणाली में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शनिवार सुबह से आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय के पास आमरण अनशन शुरू किया था। अनशन में रंजन सिंह, नीतू शर्मा, ममता बेज, बैजू राम हादसा, अभिजीत महतो और समाजसेवी रंजीत सैंडल सहित कई लोग शामिल हुए।हैरानी की बात यह रही कि आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह इस आंदोलन में शामिल नहीं हुए, जिस पर लोगों के बीच चर्चा रही।जनता और स्थानीय सामाजिक संगठनों की निगाहें इस आंदोलन पर टिकी थीं, क्योंकि इसे आगामी नगर निकाय चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा था। हालांकि, निगम प्रशासन द्वारा मांगें मान लेने के बाद आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।पूर्व पार्षदों ने कहा वे उम्मीद करते हैं कि प्रशासन अपने वादों को शीघ्र ही अमल में लाएगा, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। फिलहाल, नगर निगम की इस पहल से क्षेत्र में राहत और उम्मीद दोनों की भावना देखने को मिली है।

# चंपाई सोरेन के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा चुनाव से ठीक पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। शनिवार को कदमा स्थित आवासीय कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की मौजूदगी में कोल्हान क्षेत्र के कई कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की।यह घटनाक्रम चुनाव से पूर्व प्रदेश की सियासत में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ने से झामुमो को कोल्हान क्षेत्र में संगठनात्मक नियंत्रण बनाए रखने में कठिनाई हो सकती है, क्योंकि चंपाई सोरेन झामुमो के आदिवासी वोट बैंक का अहम चेहरा माने जाते रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सनंद आचार्य ने झामुमो नेता कुणाल सारंगी के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में उपेक्षा और संगठनात्मक अव्यवस्था की वजह से कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ा है।

# अंगीभूत कॉलेजों में इंटर बंद करने के मुद्दे पर शिक्षकों की बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज करंडीह में शनिवार को इंटरमीडिएट शिक्षकों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जस्मी सोरेन ने की। बैठक में शिक्षकों ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के उस बयान का विरोध किया।उन्होंने कहा था सरकार ने अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी है।शिक्षकों ने कहा बाबूलाल सोरेन इस मुद्दे पर राजनीति न करें, क्योंकि जब उनके पिता झारखंड मुक्ति मोर्चा में थे और छह महीने के लिए मुख्यमंत्री बने थे, तब भी शिक्षकों ने उनसे कई बार मुलाकात की,लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शिक्षा नीति 2020 के तहत इंटर की पढ़ाई बंद की गई थी, लेकिन उस समय भाजपा या विपक्ष के किसी नेता ने विरोध नहीं किया।शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की पहल को याद करते हुए कहा उन्होंने इंटर शिक्षकों और कर्मचारियों के समायोजन की दिशा में काम आगे बढ़ाया था।लेकिन उनके निधन के बाद प्रक्रिया रुक गई। बैठक में सुमित्रा सिंकू, लेडेम हांसदा, चन्दन, एस. सोरेन, ज्योति प्रभा, नीतू सिंह, प्रीति कुमारी, पूजा गुप्ता, लुशी रानी, सीमा कुमारी, अजय कुमार दीप, जयप्रकाश एम., अनिमेष और ऋषिता उपस्थित रहे।

# गुवा सेल में ठेका मजदूरों ने किया प्रदर्शन प्रबंधन के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त



**गुवा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम के गुवा सेल में ठेका मजदूरों ने ओवरटाइम भुगतान में देरी और पूरे 30 दिनों का वेतन नहीं मिलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।शनिवार को संयुक्त यूनियन के नेतृत्व में मजदूरों ने जनरल ऑफिस के समक्ष नारेबाजी कर न्याय की मांग की।मजदूरों का आरोप है महीनेभर काम करने के बावजूद उन्हें केवल 26 दिनों का वेतन दिया जा रहा है, साथ ही दो महीने से ओवरटाइम की राशि लंबित है।आंदोलन की सूचना पर सेल प्रबंधन ने आपात बैठक बुलाई। मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार ने यूनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर आश्वासन दिया 7 नवंबर तक सभी ठेका कर्मियों के ओवरटाइम का भुगतान कर दिया जाएगा और किसी का भी वेतन नहीं काटा जाएगा।आश्वासन के बाद मजदूरों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।मौके पर ठेकेदार मनमोहन चोबे, मजदूर नेता राम पांडे, जय सिंह नायक, विश्वजीत तांती, अंतर्याम महाकुड, और पंचम जॉर्ज सोय सहित यूनियनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सरायकेला-खरसावां जिले में राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंडी लोकनृत्य, लोकगीत और पारंपरिक कला की विविध झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झारखंडी लोकनृत्य, लोकगीत और पारंपरिक कला की विविध झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी। इसके अलावा, 11 नवंबर से 15 नवंबर तक जिले में जागरूकता रथ, फ्लैश मॉब, साइकिल रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें और तैयारी की अद्यतन स्थिति समय-समय पर जिला मुख्यालय को अवगान करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस झारखंड की एकता, अस्मिता और विकास का प्रतीक है, और इसे भव्यता, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। इसके अलावा, 18 नवंबर से 15 दिसंबर तक राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हृआपकी योजना झ्र आपकी सरकार झ्र आपके द्वारहृ अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पंचायतों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

# खाद्यान्न घोटाला का आरोप, ज्ञापन सौंपा

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष ने सरायकेला जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक गोदाम से डीलरों को खाद्यान्न की निर्गत प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई है। प्राप्ति एवं निर्गत स्टॉक रजिस्टर, निर्गत पंजी समेत अन्य अभिलेखों में वृहद पैमाने पर अनियमितता की संभावना जताई गई है। जेएलकेएम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि प्रखंड के कई डीलरों ने अब तक अक्टूबर माह का राशन कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं कराया है, जबकि इस संबंध में आम जनता एवं स्थानीय समाचार पत्रों में बार-बार शिकायतें प्रकाशित हो चुकी हैं। जेएलकेएम अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जुलाई से नवंबर 2025 तक की अवधि में सभी डीलरों के स्टॉक, निर्गत एवं प्राप्ति विवरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाये।

## वीर परिवार सहायता योजना पर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा की ओर से गढ़वा प्रखंड सभागार में वीर परिवार सहायता योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने मंच का संचालन करते हुए वीर परिवारों के लिए कानून संवत अपना विचार व्यक्त किया और लीगल काउंसिल के पद पर कार्यरत राम लखन पांडे ने वीर सैनिक परिवारों उनके आश्रितों एवं वैसे सैनिक/जांबाज जो अभी देश की सुरक्षा में है या मृत्यु को प्राप्त है या अपना देश के लिए प्राण गवा चुके हैं वैसे वीर परिवारों के लिए जो किसी पारिवारिक विवाद, उपभोक्ता मामले,संपत्ति विवाद,के उलझन में पड़े हैं वे मुकदमा करने से पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के कार्यालय स्थित सैनिक प्रकोष्ठ में आकर संपर्क कर सकते हैं इसकी जानकारी दिए। वहीं, सेवानिवृत्ति सैनिक प्रकोष्ठ के पीएलवी अजय कुमार तिवारी सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया गया। पीएलबी कृष्णानंद दुबे ने देश के 140 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा में सरहद पर खड़े सैनिक मृत सैनिको के आश्रितों जो विपत्ति एवं विवाद के उलझन में पड़े हैं।

# दूसरी महिला के साथ रंगेहाथ पकड़े गये सीओ, पत्नी ने किया हंगामा

## घर की बालकनी से नीचे उतारे गये सीओ साहब, महिला हिरासत में

**सीओ ने पत्नी और उसके परिजनों पर थाने में की मारपीट करने की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** अंचल पदाधिकारी (सीओ) प्रमोद कुमार के थाना भवन के पास स्थित आवास पर शनिवार तड़के साढ़े चार बजे उनकी पत्नी श्यामा रानी अपने भाइयों एवं कई परिजनों के साथ पहुंच गयीं। अपने पति पर दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाते हुए उन्हें (सीओ) को उनके आवास में बाहर से ताला बंद कर दिया। साथ ही उनके आवास के बाहर चारो तरफ से घेराव कर दरवाजे पर बैठ गई। इस दौरान सुबह होते ही आसपास से काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सीओ एवं उनके ससुराल पक्ष के लोगों के बीच जमकर हंगामा हुआ। इसी बीच दरवाजा बाहर से बंद पाकर सीओ साहब खिड़की के रास्ते नीचे आए। इसके बाद उनकी पत्नी और उनके बीच जमकर बहस हुई। इस दौरान थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो एवं एएसआई कामेश्वर राम भी सीओ आवास पहुंचे। सीओ के घर का दरवाजा बंद पाकर सीढ़ी के रास्ते प्रथम तल से होते हुए बालकोनी से नीचे आने लगे। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें पकड़कर नीचे उतारा गया। सभी के सामने बंद ताले को खोलकर सीओ के आवास से पलामू जिले के चंदवा थाना क्षेत्र की रहने वाली 30 वर्षीय महिला को निकाला गया, जिसे महिला पुलिस ने हिरासत में लेकर गढ़वा महिला थाना भेज दिया। इस दौरान सीओ प्रमोद कुमार ने अपने ससुराल वालों पर उनसे मारपीट करने का भी आरोप लगाया। उधर, कई घंटे तक सीओ आवास पर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। इसके बाद सीओ की पत्नी के बुलावे पर उनके पिता गया संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद रामजी माझी आये। सभी लोग थाना परिसर में गये औरष। इसके साथ ही सीओ की पत्नी ने गया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय लिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस संबंध में सीओ के ससुर सह पूर्व सांसद रामजी माझी ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिष्ठित पद पर होते हुए भी उन्हें इस तरह नही करना चाहिए था।


बालकनी से नीचे उतारे जाते सीओ प्रमोद कुमार।


परिजनों के साथ सीओ आवास पहुंची सीओ की पत्नी।


सीओ की पत्नी श्यामा रानी।

### काफी प्रयास के बाद भी नहीं सुधरे सीओ : श्यामा रानी

इस संबंध में सीओ की पत्नी श्यामा रानी ने बताया कि उनके पति का पूर्व में भी एक महिला से अवैध संबंध था। जिसके बाद उक्त महिला द्वारा उनके पति पर केस भी किया गया था। बाद में हम सभी के प्रयास से इस विवाद को खत्म कराया गया। तब उनके पति ने ऐसा कोई भी कार्य नहीं करने की बात कही। इसके बाद भी वे नहीं सुधरे। कहा कि सूचना मिलने पर वे मझिआंव आई थी। देखी की उनके पति किसी अन्य महिला के साथ उसके बेडरूम में सोई हुई है। इसके बाद मैंने आवास के बाहर ताला बंद कर दिया। जिसे बाद में पुलिस ने ताला खोला तो वहां से चंदवा की मुस्कान शर्मा निकली। जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कहा कि वे गया थाना में जाकर इस घटना की प्राथमिकी दर्ज कराएंगी। दूसरी ओर, घटना के संबंध में थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि सीओ की पत्नी द्वारा कोई आवेदन नहीं मिला है। जबकि सीओ प्रमोद कुमार ने अपनी पत्नी श्यामा रानी एवं अन्य तीन लोगों के खिलाफ उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आवेदन पत्र दिया गया है। इसकी छानबीन कर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सीओ से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ बताने से इनकार कर दिया।

## कांडी में आठ फरार वारंटियों के घरों पर ढोल-नगाड़ा बजाकर चिपकाया गया इश्तिहार



कांडी (आजाद सिपाही)। पुलिस ने थाना कांड संख्या 46/25 एवं 61/25 के आठ फरार वारंटियों के विरुद्ध न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए शनिवार को उनके घरों पर ढोल-नगाड़ा बजाकर इश्तिहार चिपकाया। फरार अभियुक्तों में ग्राम खरौंधा निवासी ऊदल यादव, दशरथ यादव, पागा यादव (तीनों पिता राजेश्वर यादव), कबूतरी देवी (पति राजेश्वर यादव), राजेश्वर यादव (पिता स्वर्गीय बगेशी यादव), राहुल यादव उर्फ पागा यादव, दशरथ यादव (दोनों पिता राजेश्वर यादव) और भुद्दी यादव (पिता स्वर्गीय बगामी यादव) शामिल है। इस संबंध में कांडी थाना के एसआई रविशंकर मिश्रा एवं एएसआई आशीर्वाद महतो ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार सभी अभियुक्तों को 35 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का समय दिया गया है। यदि निर्धारित अवधि में अभियुक्त आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके घरों की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## आरके पब्लिक स्कूल में मना सतर्कता जागरूकता सप्ताह

मझिआंवा (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर निबंध लेखन, चित्रकला निर्माण, पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य केआर झा ने सभी के बीच ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रों और कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा की शपथ' दिलाई। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों और शिक्षकों से विकसित और भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में योगदान देने के लिए अनुकरणीय अनुशासन, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा प्रदर्शित करने का आग्रह किया। अपने संदेश में प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लोकप्रिय समाजसेवी और स्कूल के निदेशक श्री अलख नाथ पाण्डेय ने छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करने के स्कूल के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## रेलवे साइडिंग टाइम ऑफिस से जीआइ शीट चोरी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। इन दिनों सेल परिसर में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ गया है। शुक्रवार की रात चोरों ने सेल के रेलवे साइडिंग टाईम ऑफिस से जीआई शीट चोरी कर ली। हैरत की बात यह रही कि घटना की भनक सेल प्रबंधन को तक नहीं लगी। जब इस संबंध में सेल अधिकारी बुलू दीगल से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। जांच के बाद थाना में सनहा दर्ज कराया जाएगा। बताते चलें कि लगभग 10 दिन पहले भी चोरों ने सेल परिसर स्थित दो बंद दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से सेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।

## चंद्रवंशी समाज ने मनायी महाराज जरासंध की जयंती

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** चंद्रवंशी समाज के अराध्य देव महाराज जरासंध जी की 5228वीं जयंती शनिवार को धूमधाम से गढ़देवी मोहल्ला स्तिथ जरासंध भवन में ऋषभ चंद्रवंशी जी के नेतृत्व में मनाई गई। इस मौके पर चंद्रवंशी समाज के संरक्षक श्रवण चंद्रवंशी, राम देव चंद्रवंशी, जमुना चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी सम्राट महाराज जरासंध जी के इतिहास अखंड भारत में 5000 हजार सालों तक शासन का रहा है। युवाओं के बीच में रखा । बताया कि जरासंध मल युद्ध के ज्ञाता थे। हजारों हाथियों का बल था। महराज जरासंध शिव पुत्र थे। चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि महाराज जरासंध जी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जरासंध जी एक परोपकारी राजा थे। समाज में हमलोगों को परस्पर सहयोग की भावना रखते हुए एक दूसरे को मदद करनी चाहिए । मौके पर सोनू चंद्रवंशी ,गौतम चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी ,प्रवीण चंद्रवंशी, कर्ण कृष्ण चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, अंशु चंद्रवंशी, सूरज चंद्रवंशी, छोटू चंद्रवंशी, हरेंद्र चंद्रवंशी ,हैप्पी चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, मंटू चंद्रवंशी, राजन चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

## बीडीएसयू में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनसीटीइ के निर्देशानुसार शनिवार को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 ' का समापन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता के संबंध में सभी प्रशिक्षुओं को विस्तार से बताया गया। इसी कार्यक्रम के तहत भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार संबंधी गंभीर समस्या से निपटने के लिए और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने को लेकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता न बताया कि हमें अपने जीवन में अनुशासित और ईमानदार बने रहना चाहिए। सर्वप्रथम हमें खुद अनुशासित रहना है तभी हम दूसरे को अनुशासन में रहने की सलाह दे सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भष्टाचार के खिलाफ प्रशिक्षुओ मे जागरूकता लाना व शासन मे पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उक्त साप्ताहिक कार्यक्रम मे बीएड एवं डीएलएड के प्राध्यापको और प्रशिक्षुओ में डॉ मनोज कुमार, अरविंद तिवारी, रेखा कुमारी, आनंद कुमार चौबे, आदि जबकि प्रशिक्षुओंमें माजिद, संदीप, अमित, सोनी, मधु, चंदन, संतोष, शाहिद, आशियाना, नसरीन, रौशन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन माजिद हसन ने किया।

## ताली राजकीय कृत मध्य विद्यालय में नियमों की अनदेखी

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड के ताली राजकीय कृत मध्य विद्यालय में विभागीय आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम रामराज गुप्ता, नीतीश भारद्वाज, रंजिता देवी, शीला देवी, राधिका देवी और आलोक सिंह ने केतार प्रखंड प्रसार पदाधिकारी को आवेदन देकर विद्यालय में एमसी बैठक एवं सदस्यों को परिचय पत्र उपलब्ध कराने की मांग की है। सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाया कि विभागीय आदेशानुसार एसएमसी की मासिक/नियमित बैठक का आयोजन नहीं किया जा रहा है। जिस कारण विद्यालय के कार्यों और विकास योजनाओं में पारदर्शिता और सहभागिता प्रभावित हो रही है। शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देशो के बावजूद, प्रधानाध्यापक द्वारा एसएमसी की नियमित बैठकें नहीं बुलाई जा रही हैं, जिससे विद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय मनमाने ढंग से लिए जा रहे है।

## नदी में सड़क बह जाने से लोगों की आवागमन में परेशानी

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव की सड़क नदी के तेज बहाव में बह जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी मुश्किलें हो रही है। सड़क बहने के कारण गांव का मुख्य सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है। जिससे आवागमन में कठिनाई होने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पूर्व मुखिया सुरेश प्रसाद यादव को दी। स्थिति की गंभीरता से लेते हुए पूर्व मुखिया ने तत्काल फोन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क कर टूटी सड़क की जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उधर, शिकायत मिलने के बाद बीडीओ ने कनीय अभियंता (जेई) राजीव कुमार को स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया। शनिवार को जेई राजीव कुमार ने मौके पर पहुंचकर सड़क की क्षति का निरीक्षण किया और रिपोर्ट तैयार की। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर आवागमन बहाल करने की अपील की है।

## बेमौसम बारिश का कहर, किसान चिंतित

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पिछले चार दिनों से जारी बेमौसम और मूसलाधार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। लगातार हो रही बारिश ने खेतों में खड़ी और कटाई के लिए तैयार धान की फसल के साथ-साथ आलू की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। जिससे किसान चिंतित है। केतार प्रखंड के मुकुंदपुर, बेलाबार, नावाडीह, केतार, बलिगढ़, चेचरिया, खोनहर,परसो डीह सहित अन्य गांवों में किसान धान की कटाई की तैयारी कर रहे थे। कुछ खेतों में धान पककर तैयार था ,तो कुछ जगहों पर कटाई चल रही थी। ऐसे में चार दिनों की लगातार बारिश ने खेतों को जलमग्न कर दिया है। पानी में डूबे धान के पौधों में सड़न पैदा हो रही है और दाने काले पड़ रहे हैं। जो धान कटकर खलिहान या खेतों में पड़ा था, वह भी पानी में भीगकर सड़ गया है या अंकुरित हो गया है। जिन किसानों ने आलू की बुआई कर दी थी, उनके खेतों में पानी भर जाने से बीज सड़ने लगे हैं।

## मुखिया प्रतिनिधि ने किया सीएसपी बैंक का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार ने शनिवार को सीएसपी बैंक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस सीएसपी बैंक से सभी प्रकार के बैंक संबंधी कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर रोजगार सेवक शशि सोनी, दिलशाद अंसारी ,अवधेश चंद्रवंशी ,बिपिन तिवारी ,आशुतोष तिवारी, राजेश प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भगवान खाटूश्यामजी की मनायी गयी जयंती

**रंका (आजाद सिपाही)।** भगवान खाटूश्यामजी की जयंती बाजार पुल के बगल में शनिवार को दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में मनायी गयी। इस दौरान प्रसाद के रूप में खिर का वितरण किया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, कार्तिक पांडेय, धीरज कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## रंका एसडीएम से की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग



रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल अंतर्गत सदर प्रखंड के मानपुर पंचायत के उपमुखिया शाहिद अंसारी ने रंका-रमकंडा (कालीकरन) मुख्य मार्ग पर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहन दुर्घटना से बचाव के लिए ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि रंका-रमकंडा मुख्य मार्ग पर आए दिन वाहनों से दुर्घटनाएं होती रहती है। पिछले माह मानपुर महताब मोड़ के पास हाइवा ट्रक से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत दुर्घटना में हो गई, जबकि मतौली के पास एक बाइक सवार युवक की मौत हाइवा के टक्कर से हो गई थी। इसी तरह आए दिन लगातार बड़ी वाहनों के जरिए अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। इसलिए तिखे अंधे मोड़ और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ब्रेकर बनवाना बहुत जरूरी है। ज्ञापन में रंका अनुमंडल पदाधिकारी से शीघ्र इन मांगों पर विचार करते हुए ब्रेकर बनवाने की मांग की है। मौके पर मानपुर के उपमुखिया शाहिद अंसारी, चुतरू पंचायत के उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी, सत्येन्द्र यादव, चिरागुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## रवि कुमार केशरी बने रंका थाना के नये थाना प्रभारी



रंका (आजाद सिपाही)। थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में रवि कुमार केशरी ने शुक्रवार को प्रभार ग्रहण किया। जबकि पूर्व थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह अनुसंधान इकाई गढ़वा चले गये हैं। इस अवसर पर चेतन कुमार सिंह ने रवि कुमार केशरी को बुके देकर सम्मान पूर्वक स्वागत किया। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने आजाद सिपाही को बताया कि रंका थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना और इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर रंका थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में सरदार पटेल की स्मृति में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में शनिवार को एकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश को समर्पित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और भारत के महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करना था। कार्यक्रम में कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 3 से 7) तथा वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 8 से 12) के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और सरदार पटेल के योगदान को सुंदर रंगों में उकेरा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और सृजनात्मकता से सराबोर हो उठा। प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को देश के महान नेताओं के जीवन और विचारों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि बच्चों में राष्ट्रप्रेम, एकता और अनुशासन की भावना का विकास शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है।सीसीए प्रभारी प्रवीण पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे ऐसे महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में योगदान देने की भावना विकसित करें। कला शिक्षक रोहित महतो ने विद्यार्थियों को पेंटिंग के माध्यम से अपनी सृजनशीलता व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### आरकेवीएस बीएड महाविद्यालय में हुआ नये सत्र 2025-27 का शुभारंभ

## शिक्षक तभी समाज का सच्चा मार्गदर्शक बन सकता है जब वह खुद अनुशासित हो : अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रेहला रोड स्थित आरकेवीएस बीएड महाविद्यालय में शनिवार को नये शैक्षणिक सत्र 2025-27 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय सहित सभी प्राध्यापक गण के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद प्राचार्य ने सभी नए प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर निदेशक अलखनाथ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण स्थान है। एक शिक्षक तभी समाज का सच्चा मार्गदर्शक बन सकता है जब वह खुद अनुशासित और समर्पित हो। आप सभी को चाहिए कि नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लें, अध्ययन के प्रति निष्ठावान रहें और अपने व्यक्तित्व को इस प्रकार विकसित करें कि आप समाज एवं राष्ट्र की सेवा में एक आदर्श शिक्षक बन सकें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एक सक्रिय प्लेसमेंट सेल कार्यरत है, जो योग्य और प्रतिभावान प्रशिक्षुओं को विभिन्न शिक्षण संस्थानों में रोजगार प्राप्त कराने में सहयोग करता है। वहीं, प्राचार्य चंद्रदीप पांडे ने अपने संबोधन में सभी नए प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएड पाठ्यक्रम केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जो हमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को दिशा देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी प्राध्यापकों का परिचय नई प्रशिक्षणार्थियों से कराया और महाविद्यालय की शिक्षण परंपरा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में महाविद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य के द्वारा सभी नए छात्र-छात्राओं को आईडी कार्ड एवं पेन प्रदान कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। इस भावनात्मक क्षण में सभी नए प्रशिक्षणार्थियों के चेहरे उत्साह और गर्व से दमक उठे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्राध्यापक सतीश तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि हर नया सत्र एक नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक होता है, और उम्मीद जताई कि यह सत्र छात्रों के लिए सफलता और सीख से भरा रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण राजेंद्र चौबे, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, प्रवीण दुबे, रंजना दुबे, अविनाश मिश्रा एवं विणा तिवारी उपस्थित रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०-02,गढ़वा**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/02/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी० की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड नगर उँटारी के नगर पंचायत पुरनानगर पप्पू सौदागर के घर से कर्बला पहाड़ी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 24,92,700.00 | 49,900.00 | 5000.00 | 03 माह | Group No-01 |
| 2 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड धुरकी के ग्राम–पंचायत–अम्बाखोरेया के ग्राम–केतमा में बगीचा से सत्याडी धाम तक पी०सी०सी० पथ एवं सत्याडी धाम की चहारदिवारी निर्माण। | 31,71,900.00 | 63,500.00 | 5000.00 | 03 माह | Group No-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.11.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–04.11.2025 से दिनांक–12.11.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–14.11.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
11. निविदा में भाग लेने वाले स्थानीय (गढ़वा जिला) संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
12. पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,गढ़वा

PR 365045 Rural Development(25-26).D

# सोमेश सोरेन के पक्ष में राम सूर्या मुंडा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवार सोमेश सोरेन की जीत सुनिश्चित करने के लिए खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। शनिवार को उन्होंने धालभूमगढ़ प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों–सर्विला, नुवाग्राम, भादुवसोली और भादुवा का व्यापक दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। जनसभाओं के दौरान विधायक ने लोगों से अपील की कि वे आगामी उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन के पक्ष में मतदान कर क्षेत्र के विकास को नयी दिशा दें।

विधायक ने कहा कि गांवों में उत्साहपूर्ण माहौल साफ संकेत दे रहा था कि लोग इस उपचुनाव में झामुमो के पक्ष में मजबूती से एकजुट हैं और पार्टी की भारी जीत निश्चित है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अमन सोरेन, सुंदरलाल हांसदा, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी घनश्याम महतो, विक्रम सोरेन, मंगल हांसदा, तपन बनर्जी, सालखू टुडू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुरी-गोला पथ चौड़ीकरण का मामला फिर से गरमाया



मुरी (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को मुरी गोला पथ चौड़ीकरण का विरोध फिर से गरमाया। रामपुर के पास बनवाडीह ग्राम के ग्रामीण का आरोप है कि कंपनी द्वारा ग्रामीणों के जमीनों का मुआवजा भुगतान किये बिना दबंगई तरीके से सड़क का निर्माण किया जा रहा है तथा सड़क बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। कंपनी के अधिकारियों के लापरवाही के कारण बरसात में आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग एक साल से चल रही इस प्रोजेक्ट का ग्रामीणों ने शुरू से ही विरोध करता आ रहा है, कंपनी के कार्यशैली पर उंगली उठाता आ रहा है। शनिवार को भी ग्रामीणों ने कई प्रकार का आरोप लगाते हुए कार्य को बंद करवाया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर मामला को शांत करवाया।

## नीमडीह में फाइलेरिया जांच के लिए लगा शिविर

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू पंचायत अंतर्गत नीमडीह गांव में शनिवार को शिविर लगा कर फाइलेरिया जांच के लिए लोगों से खून का सैंपल लिया गया।मुखिया विकास सिंह मुंडा के पहल पर चिकित्सा कर्मी कमलेश कुमार,लखींद्र महतो, अभिजीत मुखर्जी, रविशंकर मुंडा, विमल सेठ,के द्वारा ग्रामीणों से खून का सैंपल लिया गया। खून की जांच के बाद फाइलेरिया पीड़ित लोगों को चिन्हित कर दवा दी जाएगी। गांव से 200 लोगों का खून का सैंपल लिया गया।

## उपायुक्त ने नीमडीह प्रखंड और अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय का शनिवार को जिला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में चल रहे मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास सहित कई योजनाओं का समीक्षा किया। उन्होंने अंचल कार्यालय में खारिज दाखिल, आय, आवासीय, जाती प्रमाण पत्र समय पर करने का निर्देश भी सक्षम पदाधिकारी व अंचल कर्मियों को दिया। उन्होंने मनरेगा, सीडीपीओ, नजारत, आपरेटर कक्ष सहित सभी विभाग के कक्षों में घुम घुम कर बारिकी से निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों से एक एक योजना के संबंध में जानकारी लिया। वहीं उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण के बाद उन्होंने नीमडीह प्रखंड के झीमड़ी में नव निर्मित एकलव्य विद्यालय भवन एवं स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नये एकलव्य विद्यालय भवन का सभी कमरों का निरीक्षण किया।

## डीसी ने बुंडू के प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी देखी और कहा कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें और अपने काम को ईमानदारी व पारदर्शिता से करें। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि कोई भी कर्मचारी बेवजह आम लोगों को इधर-उधर न दौड़ाये। अगर कोई ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, अगर कोई कर्मचारी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाये जायेंगे। इसके पश्चात बुंडू थाना स्थित नया बन रहा महिला थाना का निरीक्षण किया और उसकी गुणवत्ता की जांच की उपायुक्त ने जवानों के बैरक का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाये और उनकी शिकायतों का समय पर निपटारा हो। इस दौरान अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टो कुमार बेसरा डीएसपी ओमप्रकाश अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रोम और प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा मौजूद थे।

## योजनाओं को ससमय पूरा करायें अधिकारी: उपायुक्त

खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर रॉनिटा की अध्यक्षता में पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वीकृत कुल 28 स्वास्थ्य उपकेंद्र योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में एनआरईपी तथा संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं ने उपायुक्त को जानकारी दी कि 28 स्वीकृत योजनाओं में से 14 योजनायें पूर्ण कर ली गयी हैं। वहीं, 3 योजनायें उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अस्थायी रूप से स्थगित हैं। शेष योजनाओं की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन 2 योजनाओं में कार्य चल रहा है, उन्हें हर हाल में 15 नवंबर तक पूर्ण कर लिया जाये।

# व्यवसायी पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता स्थित अखाड़ा मैदान के पास गत 13 अक्टूबर को पदमपुर निवासी शफीक मियां पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता स्थित अखाड़ा मैदान के पास गत 13 अक्टूबर को पदमपुर निवासी शफीक मियां पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा करते हुए पुलिस ने गोली चलाने के दो आरोपियों शाहिद मियां और मोदसीर अहमद उर्फ मो राजा खान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। शाहिद कर्रा के बड़ाइक टोली और मोदसीर हैदर कॉम्प्लेक्स खूंटी का रहने वाला है। इस आशय की जानकारी देते हुए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों ने 13 अक्टूबर को शफीक मियां नामक व्यापारी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शाहिद मियां (42 वर्ष), पिता जहूर मियां, निवासी बड़ाईकटोली, थाना कर्रा तथा मोहम्मद मोदासिर अहमद उर्फ मोहम्मद राजा खान (32 वर्ष), पिता मोहम्मद अबुल हसन खान, निवासी हैदर कंप्लेक्स, मेन रोड खूंटी (वर्तमान पता-मेलाटांड, थाना कर्रा) को गिरफ्तार किया।

पुछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि घटना का कारण रोलागुट्ट गांव के बाजार में मनिहारी दुकान लगाने को लेकर शफीक और शाहिद के बीच विवाद चल रहा था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी (संख्या JH23A2056) और दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं।

छापेमारी दल में एसडीपीओ तोरपा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक निशा कुमार पुअनि जुगेश कुमार, अंगरक्षक एवं कर्रा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## कदमा से बरामद शव की शिनाख्त, धारदार हथियार से की गयी थी हत्या

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर के तमाड़ रोड स्थित कदमा बस्ती से शांतिपुर अमृतपुर जाने वाली सड़क पर स्थित कदमा तालाब के पास झाड़ियों से शुक्रवार देर शाम बरामद युवक के शव की शिनाख्त पुलिस ने करा ली है। मृतक के गर्दन पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से झाड़ी में फेंक दिया गया। बाद में मृतक की पहचान खूंटी के गिरजा टोली स्थित महावीर कॉलोनी में रहने वाले रंजीत महतो उर्फ टुना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से रांची के सोनाहातू निवासी रंजीत महतो खूंटी में रहकर रसोइया का काम करता था। सूत्रों के अनुसार प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि रंजीत को उसके भांजा ने फोन कर बुलाया था। इसके बाद वह घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। इस संबंध में खूंटी थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है। इस बीच शनिवार को सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

# तमाड़ प्रखंड में चार विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के पंचायत विरगांव, आमलेशा और सारजमडीह में एक साथ चार विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। पंचायत विरगांव में पीसीसी रोड का उद्घाटन किया गया, जबकि सारजमडीह पंचायत में महिला एवं पुरुषों के लिए दो स्नान घाटों की शिलान्यास की गयी। वहीं, आमलेशा पंचायत के कोंकाडिह में पीसीसी रोड का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, तमाड़ भाजपा नेता कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, गोलक दास, अधिकारी अजित महतो, संतोष साहू, बिरेंद्र महतो, राजकिशोर सिंह, धनेश्वर महतो, लखींद्र सेठ, सदानंद सेठ, पूर्ण चंद्र महतो, शशि महतो तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती गगनवाला देवी उपस्थित थीं। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण महिला और पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास गति पकड़ेगा।

## तमाड़ में स्नान घाट का शिलान्यास और पीसीसी रोड का उद्घाटन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के सारजमडीह पंचायत स्थित लाल बांध में महिला एवं पुरुष स्नान घाट का शिलान्यास तथा बीरगांव पंचायत के जोजोडीह पुल के समीप पीसीसी रोड का उद्घाटन किया गया। इस निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि 24 लाख 50 हजार रुपये है, जो जिला परिषद फंड से पूरी की गयी है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, भाजपा नेता कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, गोलक दास, अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को आवागमन और सुविधा दोनों में सहूलियत मिलेगी।

# एनके एरिया में मनाया गया कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस, 118 कामगारों को दिया गया प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया में कोल इंडिया का 51 वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय परिसर डकरा में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा कोल इंडिया का ध्वज फहराया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों के द्वारा कोल इंडिया का कॉर्पोरेट गीत गाया गया। कोल इंडिया स्थापना दिवस के खास मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर डकरा ऑफिसर्स क्लब में 118 कामगारों को प्रोन्नति देते हुए उनके बीच प्रमोशन लेटर बांटा गया। जिसकी शुरूआत महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने की। उसके बाद बारी-बारी से सभी परियोजनाओं के पदाधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधियों के द्वारा कामगारों को प्रमोशन लेटर के साथ मिठाई दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि 1 नवंबर 1975 को कोल इंडिया का गठन किया गया था। 51 वर्षों में कोल इंडिया में कई उतार-चढ़ाव देखे गये, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कोल इंडिया कोयला उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देश की ऊर्जा उत्पादन में काफी सहयोग कर रहा है। कोल इंडिया ने मुनाफा के साथ-साथ अपने कामगारों के सुख सुविधाओं का भी काफी ख्याल रखा है। इस मौके पर एसओसी सुमन कुमार,एसओ ईएंडएम मोहन कुमार, केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, डकरा परियोजना पदाधिकारी संजीव कुमार, चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद, निखिल अखोरी, एसओपी शैलेंद्र प्रसाद, दीपक गिरी, प्रेम कुमार, विनय सिंह मानकी, देवपाल मुंडा, शैलेंद्र कुमार सिंह, कृष्णा चौहान, डीपी सिंह, पिंकू सिंह, गोल्डेन यादव, मिथलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, जगरनाथ महतो, ध्वजा राम धोबी, उदय सिंह, प्रदीप प्रसाद सहित काफी संख्या में कामगार मौजूद थे।

# आत्मनिर्भर भारत का आधार स्वदेशी है: सुनीता सिंह

**आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शनिवार को जिला कार्यालय खूंटी में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का आधार स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना चाहिए, जिन पर भारतीय श्रमिकों का पसीना बहा हो। विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम कर देशी उत्पादों को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी की यह सोच श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिशा दी। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 136वें पायदान पर थी, जो आज बढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गयी है।

दक्षिणी प्रमंडल की सह संयोजक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ ही स्वदेशी है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन से पहले भारत दुनिया के औद्योगिक उत्पादन में अग्रणी था, लेकिन उपनिवेशवाद के कारण आर्थिक स्थिति कमजोर हुई। 1750 में विश्व के औद्योगिक उत्पादन का 25% भारत में होता था, जो 1900 तक घटकर मात्र 2% रह गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने नयी ऊंचाइयों को छुआ है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने स्वदेशी वैक्सीन बनाकर विश्व की सहायता प्रदान की। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल की क्षमता ने भी स्वदेशी सामर्थ्य को सिद्ध किया है।

पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने मोटे अनाज को बढ़ावा देने और अभियान के कार्यों को आपस में बाँटकर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की अपील की।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने और मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष काशी नाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, गंदीरी गुड़िया, जिला मंत्री उर्मिला देवी, मीडिया प्रभारी महावीर राम, कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत सहित विभिन्न मंडलों एवं मोर्चों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माकपा और किसान सभा ने जनमुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



तमाड़ (आजाद सिपाही)। माकपा और किसान सभा के तत्वावधान में जनता के जनमुद्दों पर तमाड़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया, इसके पूर्व 11 बजे से 3 बजे तक धरना दिया गया। मुख्यमंत्री के नाम अंचलाधिकारी को 27 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो ने संबोधित करते हुए कहा अधिकारी अपने काम के बजाय लूट का रास्ता बनाते हैं, प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार चलम पर है, आदिवासी, दलित, पिछड़े और आम किसान आवास सहित अन्य योजनाओं में लूट का शिकार बनते हैं। उक्त मांगों को लेकर 26 नवंबर को राजधानी सहित जिला मुख्यालय पर देशव्यापी प्रदर्शन होगा। इसके अलावे जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा, लोधरो मुंडा, मंगल मुंडा, जेहरु लाल मुंडा, मनबोध मुंडा, विशेश्वर महतो, सोमवारी देवी, गुरुवारी देवी,लुइमनी देवी, तिजन देवी, सोना मुंडा, बिजली देवी, धासी राम मुंडा, जयपाल सिंह आदि ने संबोधित किया अध्यक्षता मनबोध मुंडा और संचालन जेहरु लाल मुंडा ने किया।

## कुकड़ू में मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के तिरूलडीह पुलिस द्वारा ईचागढ़ व तिरूलडीह थाना क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन कर पुलिस पब्लिक संबंध को जहां मजबूत करने की कोशिश किया गया, वहीं सीमावर्ती थाना क्षेत्र के खिलाड़ियों से खेल के माध्यम से मैत्री पूर्ण व्यवहार कर क्षेत्र में अमन चैन और खिलाड़ियों को प्रेरित करने का पहल किया गया। कुकड़ू के चोकेगड़ीया फुटबॉल मैदान में ईचागढ़ और तिरूलडीह थाना के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता में ईचागढ़ टीम ने तिरूलडीह टीम को दो गोलों से पछाड़ कर विजेता बना। वहीं विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार, रंजीत प्रसाद, रामलाल सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान महादेव सिंह, शांति समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सलगाडीह तमाड़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से कस्तूरबा की छात्राओं को विधिक संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में कस्तूरबा की सभी छात्राएं, वार्डन वैशाली मिश्रा, रिकॉर्ड पाल, गणपति महतो, अंशकालिक शिक्षक रंजीत कुमार मोदक समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकार डिप्टी एलए डीसी राजेश कुमार अनिमा मल्लिक, प्रवीण कुमार मुंडा, पीएलवीएस पूजा कुमारी, राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।

## आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ में शिक्षक दिवस सह विदाई समारोह आयोजित

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सलगाडीह तमाड़ में शिक्षक दिवस सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन डॉ वैशाली मिश्रा ने की जबकि संचालन छात्रा चंद्रिका कुमारी और मानसी कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्डन द्वारा सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व वार्डन रीता बड़ाईक ने कहा कि तमाड़ कस्तूरबा विद्यालय वर्ष 2006 में बीआरसी भवन से प्रारंभ हुआ था और आज यह प्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने गर्व से बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा ने इंटर परीक्षा में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर तथा वर्ष 2025 में कला संकाय से अनुमंडल टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वार्डन डॉ. वैशाली मिश्रा ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में सेवा करने का अवसर गर्व की बात है। उन्होंने शिक्षकों और छात्राओं से सहयोग के साथ विद्यालय को और ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में अंशकालिक शिक्षक रंजीत कुमार मोदक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर अनु कुमारी, डॉ. शिल्पी कुमारी, अनुराधा कुमारी, करुणा कुमारी, वैजयंती कुमारी, संजयोती कुमारी, प्रिया कुमारी, राखी कुमारी, प्रियांशी सिंह, सविता, शबनम व हरि संडिल्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला संपन्न



खूंटी (आजाद सिपाही)। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन कला संस्कृति खेल एवं युवा विभाग झारखंड के सौजन्य से अल्मा मेटर संस्था द्वारा आयोजित आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का समापन शनिवार को किया गया। 25 अक्टूबर से एक नवंबर तक चली इस कार्यशाला में 25 कलाकार-प्रतिभागियों को अभिनय और संगीत का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने 'बेटी छुआ' और 'सड़क की पाठशाला' नाटकों का प्रभावी मंचन कर दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष चैतन्य कुमार गंझू और सचिव भूपेंद्र कंसारी भी मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

## चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती मनायी



जरासंध जयंती कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी कोयलांचल चंद्रवंशी समाज के द्वारा शनिवार को चक्रवर्ती मगध सम्राट जरासंध महाराज की 5228वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता युगेश्वर राम चंद्रवंशी ने की। वक्ताओं ने कहा कि महाभारत कालीन मगध साम्राज्य के चंद्रवंशी नरेश राजा बृहद्रत के वंश में जन्मे महाराज जरासंध अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट थे, जिन्होंने एक छत्र शासन की स्थापना की थी। इस अवसर पर खलारी कोयलांचल में चंद्रवंशी समाज को और अधिक संगठित करने पर बल दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि चंद्रवंशी समाज की अगली बैठक 9 नवंबर (रविवार) को गुलजारबाग में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युगेश्वर राम चंद्रवंशी, राजेश वर्मा, दीपक प्रसाद, मनोज प्रसाद, संजय वर्मा, राजनाथ, पवन, शिवदास राम, विजय, विंध्याचल राम, मुनेश्वर वर्मा, अजय सिंह, प्रकाश प्रसाद, शंकर दास चंद्रवंशी, कमलेश वर्मा, पंकज सिंह चंद्रवंशी, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

# धनबाद में मुस्लिमों के मुद्दों पर महाबैठक आज, तैयारियां पूरी



**आमया संगठन के अध्यक्ष शमीम अली होंगे मुख्य वक्ता**

**रातू (आजाद सिपाही)।** मुस्लिम फ्रंड धनबाद के बैनर तले रविवार को महाबैठक होगी। धनबाद के तोपचांची भुईयां चितरो में आयोजित इस महाबैठक में आमया संगठन के अध्यक्ष शमीम अली बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। बैठक में झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से मदरसा डिग्री आलिम-फाजिल की मान्यता रद्द करने के प्रयास पर रोक लगाने, 2023 तक डिग्री की वैधानिकता बरकरार रखने, सहायक आचार्य बहाली में आलिम डिग्री वालों का रिजल्ट, माध्यमिक आचार्य बहाली में फाजिल डिग्री वालों को शामिल करने, आलिम फाजिल डिग्री की परीक्षा रांची विश्विद्यालय से कराने, 543 उर्दू स्कूल जिनका स्टेटस छीनकर समान्य विद्यालय बनाया गया उसे पूनाः उर्दू स्टेटस बहाल करने, बिहार सरकार से वर्ष 1999 में मिले 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के रिक्त रहे 3712 पदो को वापस कर पुराने नियमावली से भरने, मॉबलीचिंग पर कानून बनाने और मुस्लिम समुदाय के न्याय, अधिकार, शिक्षा, रोजगार आबादी के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने के सवालों को लेकर महाबैठक का आयोजन किया गया है। भुईयां चितरो में मुस्लिम फ्रंट धनबाद के बैनर तले होने वाली महाबैठक की जानकारी मुस्लिम फ्रंट धनबाद के संयोजक अजमूल अंसारी, अजमत अंसारी, वसीउल्लाह अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मंसूर अंसारी आदि ने दिया।

## डेटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स का प्रमाण पत्र वितरित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में क्रैश कोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर के तहत प्रशिक्षित विद्यार्थियों के लिए शनिवार को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयो्जित हुआ। इसमें करीब 28 विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में परम पूज्य स्वामी अंतर आत्मानंद जी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन निष्ठा और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। इस अवसर पर स्वामी योग प्रियनंदन जी महाराज , प्रफुल्ल सोय, चरण कुमार महतो एवं अजय सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## शिव संकट मोचन मंदिर के दूसरे तल का निर्माण कार्य संपन्न



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित चेकपोस्ट चौक में शनिवार को निर्माणाधीन शिव संकट मोचन मंदिर के दूसरे तल्ले की ढलाई कार्य को मंत्रोच्चारण के बीच शिक्षाविद् पुरुषोत्तम केशरी सपत्नीक ने ढलाई पूजा कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने तन मन और धन देकर सहयोग किया। बतातें चलें कि चेक पोस्ट के चौराहा में यह एक प्राचीन मंदिर था। इसे तोड़कर आकर्षक और भव्य बनाने को लेकर 22 जुलाई 2024 को विधिवत शिलान्यास किया गया और 03 मार्च 2025 को ढलाई की गई थी। 15 जुलाई को प्रथम तल्ला की ढलाई हुई थी। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक केदार महतो, संरक्षक प्रेमसागर महतो, इंद्रनाथ महतो, द्वारिका नाथ साहू, दिनेश महतो, डॉ पंकज राज, त्रिपुरारि महतो, जलेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, बालेश्वर केशरी, कलकु महतो, गोपाल महतो, मछिन्द्र साहू, राम गति महतो, ईश्वर महतो, ईश्वर महतो, मुन्ना सिंह, डीकेश्वर पांडे, अध्यक्ष कैलाश महतो, कार्यकारी अध्यक्ष मूलचंद मेहता, महासचिव सागर महतो, महामंत्री राहुल (मुरारी ) केशरी, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव रवि कुमार केशरी, सह कोषाध्यक्ष शंकर महतो, उपाध्यक्ष कनसू कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## सिरिजा इंटरनेशनल छड़-सीमेंट दुकान का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हेसल रिंग रोड ओवरब्रिज के सामने शनिवार को सिरिजा इंटरनेशनल छड़ सीमेंट दुकान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य अनुराधा मुंडा एवं थानेदार गौतम रजवार ने संयुक्त रूप से किया। दुकान के प्रोपराइटर खुशी कुमारी ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों को छड़ सीमेंट सहित अन्य निर्माण सामग्रियों के लिए दूर का सफर नहीं करना पड़ेगा। इस दुकान में ग्राहकों के लिए छड़, सीमेंट, एस्बेस्टस सीट, कांटी आदि सभी समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इस मौके पर कलाकार मजबूल महेशपुरी, समाजसेवी एहसान अंसारी, सिकंदर अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, रामसाय मुंडा, विपिन मुंडा, रामनाथ मुंडा, सेराज खान, रतिलाल पाहन आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में संपन्न हुआ तुलसी विवाह



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पवित्र कार्तिक मास में घर के आंगन में महारानी तुलसी एवं भगवान शालिग्राम के विवाह कराने का विशेष महत्व है। इसी के तहत शनिवार की रात भक्तों द्वारा परंपरागत एवं धार्मिक आस्था से विवाह संपन्न कराया गया। पुजारी लाल बाबा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार आज के दिन तुलसी की पूजा की जाती है और विवाह का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# बेड़ो में सवारी ऑटो पलटने से 10 घायल, पांच गंभीर

## विवाह समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता











**बेड़ो।** थाना क्षेत्र में रांची-गुमला राष्ट्रीय राज मार्ग 43 पर हाठु गांव के समीप शनिवार की शाम सात बजे एक सवारी ऑटो के असंतुलित होकर पलट जाने से उस पर सवार 10 लोग घायल हो गये। बताया जा रहा कि सभी लोग गुमला जिले के भरनो स्थित मोरे गांव से शादी समारोह छोटा मेहमानी में शामिल होकर वापस बेड़ो के हूटार बनटोली लौट रहे थे। तभी रास्ते में उनका ऑटो पलट जाने से सभी घायल हो गये। उन्हें एम्बुलेंस की मदद से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायलों की पहचान भरनो की दीप्ति देवी (30), सोमारी देवी (45), नैफी मुंडा (45), मांगो देवी (50), डुभन देवी (60), रंथु मुंडा (60), सुमित्रा देवी (21) सभी हूटार बनटोली, नमिता कुमारी (5), संगोर कर्रा, सोनिया कुमारी (12) छत्तिसगढ़ और हूटार की झालो देवी (50) के रूप में हुई है। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज डॉ विनीता प्रसाद ने किया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल पांच सोमारी, दीप्ति, नैफी, झालो और मांगो देवी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, दुर्घटना की जानकारी मिलने पर जामटोली की मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, समाजसेवी दशरथ तिर्की, पीसीआर पुलिस, बेड़ो थाना के सब इंस्पेक्टर अनिल टोप्पो सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों का हाल खबर लिया। साथ ही गंभीर रूप से घायलों को रिम्स अस्पताल भिजवाया।

### दो बाइक की टक्कर में युवक गंभीर, एंबुलेंस सेवा फेल, ऑटो से पहुंचाया गया अस्पताल

**मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग (एनएच-39) पर शनिवार की शाम करीब चार बजे दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान चान्हो थाना क्षेत्र के चोरेया गांव निवासी शिवशंकर साहू (35) के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया। परिजनों की मानें, तो घायल को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए 108 नंबर पर एम्बुलेंस मंगाने का प्रयास किया गया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी एम्बुलेंस नहीं पहुंची। अंततः परिजनों को मजबूर होकर घायल को ऑटो से अस्पताल ले जाना पड़ा।**

## मत्स्य कृषकों का दल आंध्र प्रदेश के लिए रवाना




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर शनिवार को मछली पालन को और भी बेहतर बनाने का तरीका सीखने के लिए झारखंड से प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट को लेकर दूसरे बैच के 15 प्रगतिशील मत्स्य कृषकों का दल आंध्र प्रदेश के एलुर के लिए रवाना हुआ। जिसमें रांची जिला के बेड़ो प्रखंड से मत्स्य मित्र चरवा उरांव, डेविड तिर्की, विशाल उरांव, सोहन लोहरा, सुधीर मिंज के साथ ही मांडर से कृष्णा केवट, परदेसी केवट, रांची से दूधनाथ बेदिया, चाईबासा से बपिनो सरदार, ज्योतिष केवट, पुरनचंद्र गोप, मधुसूदन प्रधान, जगदंबा पिंगुवा एवं कोडरमा से मो आजाद अली शामिल हैं। यह कार्यक्रम पांच दिन का है। सभी मत्स्य पालकों को अच्छी यात्रा की शुभकामना देते हुए मत्स्य किसान प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र शालीमार के अनुदेशक प्रशांत कुमार, दीपक, मंजू तिर्की, नंदन झा, सुरेंद्र चौधरी और मनोज आदि ने रांची रेलवे स्टेशन से रवाना किया। यह जानकारी बेड़ो प्रखंड के मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने दी है।

## उषा मार्टिन की पहल : गेंदा फूल से त्योहार में लाखों की आमदनी

# टिकाऊ कृषि पद्धति से सशक्त बनते किसान: डॉ मयंक मुरारी

**पांच एकड़ बंजर भूमि पर हुई फूल की खेती**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** फूलों की खेती किसानों के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हुई है। फूलों की खेती किसानों को कम वक्त में बढ़िया मुनाफा दे जाती है। गेंदा फूल की खेती से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के किसान हजारों तक का मुनाफा कमा रहे है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सहायोग से टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रगतिशील किसानों ने अपनाया है। कृषि गतिविधियों में विविधता से खेती अब आय बढ़ाने का माध्यम हो गया है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार हुआ, बल्कि उनके गांव के समग्र विकास में भी योगदान मिला। पिछले साल प्रयोग के तौर पर कुछ किसानों को फूल की खेती करायी गयी थी। इस बार 12 किसानों ने पांच एकड़ से अधिक भूमि पर फूल की खेती की और त्योहार के मौसम में हजारों का मुनाफा कमाया। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि सीएसआर क्षेत्र में खेती केवल जीवनयापन का माध्यम नहीं है, बल्कि अब किसान इससे अपने आय में गुणात्मक सुधार ला रहे है। महिलौंग के किसान इमिल बालमुचू अपनी भूमि पर शब्जी और फूल की खेती से पिछले दो माह में एक लाख से ज्यादा रुपये की कमाई की है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिक विधि एवं आधुनिक उपायों के माध्मय से खेती को रोजगार के वैकल्पिक माध्यम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आज गांवों के किसानों में एक जागरूकता आयी है, जिसका परिणाम है कि इमिल बालमुचू, हेसल के ईश्वर महतो, बड़वारी के राजकुमार महतो, होरहाप के केदार महतो सहित दर्जन भर अन्य किसान भी इस सफलता को अपने टोला में जमीन पर उतार रहे है। उषा मार्टिन के सहयोग से प्रगतिशील किसानों को उन्नत बीज, पॉलिनेट, टपक सिंचाई आदि की व्यवस्था करायी गयी। इस साल 55 किसानों की मिट्टी जांच करायी गयी। सिंचाई के तरीकों में बदलाव ने खेती को अधिक प्रबंधनीय बना दिया है। जिसके कारण फसल की पैदावार में उल्लेखनीय सुधार हुआ। फाउंडेशन ने मौसम के हिसाब से 120 से अधिक किसानों को फूलगोभी, टमाटर, करैला, खीरा, बिंस, नेनुआ और लौकी के निर्धारित बीज और पौधे उपलब्ध कराए गए।

### 250 से अधिक किसान फॉउंडेशन से जुड़े : मेवालाल महतो

**एग्री बिजनेस कोऑडिनेटर मेवालाल महतो ने बताया कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन 20 गांवों में खेती किसानी का कार्य कर रही है। एनआरएम कार्यक्रम के तहत अभी तक 250 से अधिक किसानों को जोड़ा गया है। इन किसानों को टिकाऊ खेती के लाभ और आय वृद्धि के उपाय से जोड़ा गया है। इसका परिणाम है कि 50 से अधिक किसानों का आमदनी लाखों में हो गयी है।**

### एक्सआइएसएस के छात्रों ने ग्रामीण विकास का कार्य देखा



**एक्सआईएसएस के वर्तमान सत्र में नामांकित ग्रामीण विकास के छात्रों ने शनिवार को उषा मार्टिन के ग्रामीण गांवों का भ्रमण किया। कंपनी के माध्यम से गांवों में चलाये जा रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मेवालाल महतो, संगीत कुमार ने उनको सीएसआर के तहत किये गये आधारभूत संरचनाओं को दिखाया गया। इसमें राहुल कुमार, कुमार शशांक राज और मृणाल सिंह शामिल थे।**

# मातृ शक्ति फुटबाल टूर्नामेंट के छठे संस्करण का शुभारंभ, छह टीमों के बीच हुआ मुकाबला







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मातृ शक्ति फुटबाल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ शनिवार को पिस्कानगड़ी के कोलाम्बी मैदान में हुआ। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएसन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने मशाल जलाकर इस टूर्नामेंट की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रतिज्ञा संस्था मातृ शक्ति फुटबाल टूर्नामेंट के जरिए माताओं को एक अनोखे तरीके से सशक्त कर रही है। संस्था ने फुटबॉल देकर उनको बदलाव के एक निरंतर प्रक्रिया से जोड़ दिया है। उन्होंने रांची एवं खूंटी के टूर्नामेंट खेल रही महिलाओं 32 समुदायों में दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से अपनी सामुदायिक समस्या के बारे में जानकारी के साथ ही कैसे सरकार के प्रणालियों से मदद ली जा सकती है बताने की पहल को काफी सराहना की। वहीं, प्रतिज्ञा संस्था के सचिव अजय कुमार ने कहा कि मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे संस्करण का आगाज हो चुका है। करीब डेढ़ माह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रांची एवं खूंटी जिले के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली माताएं खेल रही हैं। कुल 32 टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह में 6 टीमों के बीच तीन मैच खेले गए। जिसमें जगत रानी टीम (कोकर) का मुकाबला उड़ान टीम (गन्योरटोली), आदिवासी महिला क्लब (पिस्का नगड़ी) का मुकाबला सूर्योदय महिला टीम (हटिया) से और लेडी लायंस (गिरिजाटोली) का मुकाबला कार्तिक उरांव महिला टीम (मौसीबाड़ी) से हुआ।

### खेल का परिणाम

**पहला मैच: जगत रानी टीम ने उड़ान टीम को 3-0 से हराया।**
**दूसरा मैच: आदिवासी महिला क्लब ने सूर्योदय महिला टीम को 2-0 से हराया।**
**तीसरा मैच: लेडी लायंस ने कार्तिक उरांव टीम को 1-0 से हराया।**
**रूबी मुंडा (उड़ान टीम) से, मंजुला लकड़ा (सूर्योदय टीम) और सुनीता कुमारी (कार्तिक उरां टीम) से मदर ऑफ द मैच रहीं।**

# अनगड़ा के चिलदाग में 5वीं रांची जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग में 5वीं रांची जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 20 स्कूलों के 280 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी शकील अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें एमबी स्कूल बुंडू प्रथम, डीएवी नीरजा पब्लिक स्कूल कांके द्वितीय एवं आदर्श पब्लिक स्कूल चान्हो तृतीय स्थान पर रही। बाद में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को मुख्य अतिथि के हाथों ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि ताइक्वांडो न सिर्फ आत्मरक्षात एक कला है, बल्कि मानसिक और शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासन, दृढ़ता और आत्म नियंत्रण को बढ़ावा देता है। वहीं, शकील अंसारी ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा का एक बेहतर तकनीक है। इसका प्रशिक्षण लेकर खासकर लड़कियां बहुत हद तक अपने आपको सुरक्षित बना सकती हैं। इस मौके पर सीनियर कोच जमील अंसारी, शहनवाज अंसारी, कोच मुनेश मुंडा, काजल कुमारी, शोभा कुमारी, कहकशां आफरीन, ममता, मनीषा, खुशी समेत अन्य उपस्थित थे।

# तुपुदाना में जलमाव और कीचड़ से लोग बेहाल

**नगर निगम की लापरवाही से बढ़ी परेशानियां**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम क्षेत्र के लोग इन दिनों जलजमाव और कीचड़ की गंभीर समस्याओं से जुझ रहे है। लगातार बारिश और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतगर्त तुपुदाना के वार्ड 53 में सतरंजी पुल के समीप नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है। यहां जगह-जगह जलजमाव और गंदगी से सड़कों का हाल बदतर हो चुका है। तुपुदाना में कई इलाकों के निवासी भारी मुसीबत में है। यहां चार से पांच अपार्टमेंट में पानी का निकासी नहीं है। बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों के सामने रोड और गलियों में कीचड़ एवं दलदल की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोग रोजमर्रा के कामों के लिए घर से निकलने में बेहद परेशान है। स्कूली बच्चों से लेकर दफ्तर और कंपनी जाने वाले कर्मचारी तक सभी को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। कपड़े और जुते गंदे करना यहां की मजबूरी बन गई है। जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी आंखे मूंदे बैठे है। स्थानीय निवासियों ने बार-बार शिकायतें की लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। आजाद सिपाही से बात करते हुए स्थानीय निवासी सह भाजपा नेता संजय सिंह ने बताया कि यहां हर बरसात में यही स्थिति बन जाती है और नगर निगम केवल आश्वासन देने में लगा रहता है। लोग अब इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे है, ताकि हर साल कीचड़, जलजमाव और बीमारियों के संकट से मुक्ति मिल सके।

# बुंडू में दुर्घटना में मारे गये पांच लोगों को शहीद का दर्जा और सहायता राशि देने का लिया निर्णय



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदिवासी 21 पड़हा पिस्का नगडी के अध्यक्ष विजय धान की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड पंचायत भवन नारो में शनिवार को सामाजिक (पड़हा) बैठक हुई। इसमें विगत दिनों बुंडू में आयोजित विराट जन आक्रोश महारैली में भाग लेने जा रहे लोगों की गाड़ी का टायर फटने से दुर्घटना होने पर पांच लोगों की मौत एवं 23 से अधिक लोगों के गंभीर रूप से घायल होने को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस दुर्घटना में जितने भी लोगों मौत हुई हैं उन्हें शहीद का दर्जा है और इनके परिवार के सहयोग के लिए आदिवासी 21 पड़हा नगड़ी प्रखंड की ओर से प्रत्येक परिवार को 20 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की सहयोग राशि दी जाएगी। इसके आलवे नगडी प्रखंड में प्रत्येक पंचायत के गांवों के लोगों द्वारा सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर आदिवासी 21 पड़हा, पिस्का नगड़ी के सभी पदाधिकारी, नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, चिपरा मुखिया मोहन मुंडा, जीतू लिंडा, प्रभात तिर्की, विजय धान, सुनील कच्छप, पंचम प्रेम किस्पोट्टा, मंगल उरांव, राहुल टोप्पो, छोटू उरांव, सुरेश उरांव, शंकर उरांव, बिगा उरांव, करमा उरांव, विलियम उराव और करमा मुंडा आदि उपस्थित थे।

# गुमला जिले में आज भी ठप रहेगी बस सेवा

## चेतावनी : प्रशासन ने मांगों को नहीं माना तो पूरे झारखंड में होगा आंदोलन

**आज आंदोलन का तीसरा दिन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बस ऑनर एसोसिएशन की ओर से अपनी मांगों को लेकर विगत दो दिनों से गुमला में बस सेवा ठप रखी गयी है। बावजूद इसके किसी प्रशासनिक पदाधिकारी से अभी तक कोई भी वार्ता नहीं हो सकी है। अंततः बस ऑनर एसोसिएशन ने रविवार को भी चक्का जाम करने का निर्णय ले लिया। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार सोनी ने बताया कि बसों का परिचालन रविवार को भी बंद रहेगा। बता दें कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार और शनिवार को जिले में बसों का चक्का जाम जारी रहा।


बैठक में उपस्थित बस ऑनर एसोसिएशन के सदस्यगण।

### ललित उरांव बस पड़ाव से ही खुलें सभी बसें : शिव

गुमला जिला बस ऑनर एसोसिएशन के कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष शिव सोनी ने बताया कि अधिकारियों से मुलाकात करने का प्रयास किया गया, लेकिन अब तक किसी स्तर पर वार्ता नहीं हो पाई है। कहा कि लोहरदगा एवं घाघरा रूट की बसों का संचालन गुमला ललित उरांव बस पड़ाव से ही किया जाए। वर्तमान में बस डिपो से बसें चलाने से यात्रियों की संख्या बेहद कम हो गई है, क्योंकि गुमला से कई ऑटो और छोटी यात्री गाड़ियां मात्र 25 रुपये में घाघरा तक पहुंचा देती हैं, जबकि बस किराया 50 रुपये है। ऐसे में आम यात्री अपनी सुविधा और खर्च को देखते हुए बस की जगह अन्य साधनों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे बस मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मौके पर महेश लाल, अशोक कुमार मधुकर, राजेश जायसवाल, दीपक यादव, प्रियांजीत बनर्जी, गोपाल यादव और रजनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### राजधानी रांची तक पहुंची बस ऑनर एसोसिएशन के आंदोलन की गूंज

झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के समर्थन के बाद इस आंदोलन की गूंज अब राजधानी रांची तक पहुंच गई है। आंदोलन को वृहद बनाने के लिए झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिदानंद सिंह शनिवार को गुमला पहुंचे और बस मालिकों के साथ बैठक की। उन्होंने गुमला बस मालिकों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर एक दिन के लिए पूरे राज्य में बस परिचालन को रोक कर सांकेतिक चक्का जाम भी किया जाएगा। झारखंड बस ऑनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने भी गुमला आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की बात कही। कहा कि रांची से भी संगठन की पूरी एकजुटता इनके साथ है।

# बसिया में जगह-जगह धड़ल्ले से चल रहा अवैध पत्थर का उत्खनन कारोबार

**माफियाओं को हौसले बुलंद, विरोध करने वालों पर कर रहे जानलेवा हमले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** विभिन्न स्थानों पर अवैध पत्थर उत्खनन और कारोबार खुले आम हो रहा है। हैरत की बात है कि सब कुछ जानते हुए प्रखंड प्रशासन मौन है। जबकि लोगों का आरोप है कि प्रशासन के संरक्षण में ही यह अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इससे परेशान होकर ग्रामीण अब खुद अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टरों को पकड़ कर पुलिस को सौंप रहे है। इसके बावजूद अवैध सामग्रियों को जब्त करने और दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने में पदाधिकारी आनाकानी करते हैं। इससे अवैध कारोबार करने वालों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वे अवैध कारोबार का विरोध करने वालों पर ही जानलेवा हमला करने लगे हैं। इस बाबत बसिया थाना क्षेत्र के किन्दिरकेला में हाल ही में घटित एक मामले के बारे में जब थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति को पूछा गया तो उन्होंने पहले इस तरह के किसी भी मामले से अनभिज्ञता जाहिर की। फिर जब थाना प्रभारी को जानकारी होने से संबधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को देने पर मजबूरन बसिया पुलिस द्वारा अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टरों को थाना परिसर में खड़ा कर दिया जाता है। स्थानीय किन्दिरकेला के ग्रामीण अवैध पत्थर उत्खनन लदे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने और अवैध उत्खनन को रोकने को लेकर थाना प्रभारी से लेकर जिला के पदाधिकारियों और मीडिया से गुहार लगाए, तब जाकर थाना में मारपीट का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा गया। हालांकि दो दिन बीत जाने के बावजूद अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टरों के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। बसिया क्षेत्र के किन्दिरकेला के जिस क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन किया जा रहा है वो क्षेत्र मुख्यतः वन रिजर्व क्षेत्र में आता है। इसके बावजूद दिन दहाड़े स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में अवैध कारोबार किया जा रहा और सीओ दो दिन बीत जाने पर भी कोई कारवाई नहीं करते है।



### पत्थरों के अवैध ढुलाई में लिप्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

हालांकि सीओ नरेश कुमार मुंडा ने कहा कि जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जब्त अवैध पत्थरों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है। यह उन्हीं के अधिकार क्षेत्र का है। इसलिए इस मामले की सभी जानकारियां जिला खनन पदाधिकारी के पास है। हालांकि जिला खनन पदाधिकारी को फोन करने पर उनसे बात नहीं हो सकी।

# चैनपुर पुलिस ने क्यूआर कोड लगाकर स्कूली बच्चों और आम लोगों को किया जागरूक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में आम जनता और स्कूली छात्र-छात्राओं को आपातकालीन सहायता नंबर डायल 112 के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत, बस स्टैंड, ब्लॉक चौक और अन्य प्रमुख चौराहों सहित सार्वजनिक स्थानों पर क्यूआर कोड चिपकाए गए। यह जागरूकता अभियान चैनपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने स्कूली बच्चों और उपस्थित लोगों के बीच जाकर उन्हें डायल 112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। एसआइ दिनेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि किसी भी आपराधिक घटना या सहायता की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बिना किसी देरी के डायल 112 का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि 112 पर कॉल करने पर पुलिस त्वरित सहायता लेकर मौके पर पहुंचेगी। इस बात पर भी जोर दिया कि यह सेवा केवल स्थानीय नहीं है, बल्कि भारत के किसी भी कोने से 112 पर कॉल कर चंद मिनटों में लाभ लिया जा सकता है। सार्वजनिक जगहों पर चिपकाए गये क्यूआर कोड लोगों को संकट के समय में आसानी से डायल 112 से जुड़ने में मदद करेंगे।

# दूसरे दिन भी बंद रहा गुमला ब्लड बैंक, लोग परेशान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का संचालन शनिवार को दूसरे दिन भी बंद रहा। खून के जरूरतमंद लोग ब्लडबैंक के मुख्य द्वार पर जाते और बंद का नोटिस देख मायूस होकर वहां से लौट जाते। ऐसा दिन में कई बार देखने को मिला।

### कौन करेगा समाधान

ब्लड बैंक ठप रहने से मरीजों के परिजन हलकान-परेशान हैं। कोई ऐसा नहीं जो इनकी समस्या का समाधान करे। जिन मुसीबत का सामना परिजनों को करना पड़ रहा है। आपात स्थिति और गंभीर रोगियों के लिए ब्लड की तत्काल जरूरत होने के बावजूद ब्लड बैंक बंद होने से लोगों में आक्रोश और चिंता है।

### क्यों बंद है ब्लडबैंक

गुमला सदर अस्पताल के ब्लड बैंक का लाइसेंस एक्सपायर हो गया है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर शुक्रवार से ब्लड बैंक को बंद कर दिया गया है। इस वजह से पिछले दो दिनों से रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द ब्लड बैंक का लाइसेंस नवीनीकरण कर सेवा बहाल करने की मांग की है, ताकि किसी भी मरीज की जान रक्त की कमी से न जाए।




### क्या कहते हैं खून के जरूरतमंद लोग

सिसई प्रखंड के सोगढ़ा निवासी विरेंद्र साहू ने बताया कि वह सुबह से अपने मरीज के लिए ब्लड की व्यवस्था के लिए अस्पताल में चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन ब्लड बैंक बंद होने के कारण उन्हें खून नहीं मिल पा रहा है। कहा कि ब्लड बैंक बंद रहने से बहुत परेशानी हो रही है। अगर मेरे मरीज की जान चली जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। वहीं, सिसई के ही निवासी केश्वर साहू ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं। डाक्टरों ने उन्हें ब्लड चढ़ाने की सलाह दी है। लेकिन ब्लड बैंक बंद होने से उन्हें रक्त नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। जबकि टूडूरमा निवासी लिविन तिर्की ने बताया कि वह भी अपने मरीज के लिए ब्लड की व्यवस्था में जुटे हैं, लेकिन ब्लड बैंक बंद रहने से असमर्थता झेलनी पड़ रही है। कहा कि ऐसी स्थिति में समझ नहीं आता कि क्या करें और रक्त कहां से लाएं।

# कब्रिस्तान बाउंड्री में अनियमितता : पुराने इटों से की गयी जोड़ाई, सरकारी राशि की हुई बंदरबांट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के सिसई रोड स्थित संत पात्रिक विद्यालय परिसर में मिशनरी संस्था के कब्रिस्तान की बाउंड्री का टेंडर नगर परिषद की ओर से निकाला गया था। जिसकी प्रकल्लित राशि करीब 25 लाख रुपए है। पूर्व में कब्रिस्तान की बाउंड्री ईंटों से हो चुकी थी। टेंडर के अनुसार ठेकेदार द्वारा पुराने बाउंड्री को तुडवाया गया और उससे निकले ईंट और नए ईंटो से पूरे कब्रिस्तान की बाउंड्री की गई। इसकी जानकारी होने पर कब्रिस्तान समिति के लोगों ने कार्य का विरोध किया और पुराने ईंटो को नहीं जोड़ने को लेकर ठेकेदार को निर्देश दिया था। बावजूद इसके ठेकेदार ने नगर परिषद द्वारा निकाले गए टेंडर की शर्तों और समिति के लोगों के निर्देश को नजरअंदाज करते हुए पुराने ईंटों के साथ ही बाउंड्री को पूरा कर दिया। यही नहीं, बाउंड्री में प्लास्टर चढ़ा कर उसकी रंगाई पुताई भी कर दी और सरकारी राशि की बंदरबांट कर ली गई। हालांकि जिस समय यह कार्य हो रहा था स्थानीय लोगों ने अनियमितता का विरोध भी किया था। लेकिन ठेकेदार को कोई फर्क नहीं पड़ा और जैसे तैसे काम पूरा कर लिया गया। इस मामले को लेकर नगर परिषद के प्रशासक मनीष कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी हुई है। वे त्वरित जांच करेंगें। इसमें अनियमितता और लीपापोती पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन बदलाव के प्रयास से पीड़ित परिवार को मिला मुआवजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भालू के हमले में मृत रायडीह की जग्नि देवी के परिजनों को मिशन बदलाव के प्रयास से अंततः मुआवजा मिला। मिशन बदलाव की सोनमती कुमारी के प्रयास से पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा मिला। जानकारी के अनुसार, जग्नि देवी जंगल से पेड़-पत्ते और कंदमूल एकत्र करती थी। विगत दिनों शौच के लिए जंगल किनारे जाने पर भालू ने हमला कर दिया था। तीन दिन बाद शव जंगल में सड़ी-गली अवस्था में मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों से मिलने पर सोनमती कुमारी ने तत्काल डीएफओ अनवर बिलाल अहमद को अवगत कराया। डीएफओ के निर्देश पर फॉरेस्टर और रेंजर की टीम ने जांच कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित सभी दस्तावेज विभाग को सौंपे।

# घाघरा में वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीओ खाखा सुशील कुमार के कार्यालय में शनिवार को वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर जरूरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता घाघरा के सीओ खाखा सुशील कुमार ने की। बैठक में प्रखंड के प्रबुद्ध जनों, स्थानीय पत्रकारों और पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की प्रभावी योजना पर चर्चा की। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के नालों में घरों का वेस्ट डालने वालों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जल्द ही ऐसे लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा। इसे लेकर अगली बैठक घाघरा पंचायत सचिवालय में चार को होगी।

### यह भी लिया गया निर्णय

वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए एक ठोस योजना तैयार किया जाएगा। कचरे के डंपिंग और निस्तारण की व्यवस्था पर विचार किया गया। ड्राई वेस्ट को निर्धारित स्थान पर डंप करने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा अनडिस्पोजल वेस्ट के लिए गुमला नगर परिषद से चर्चा करने का निर्णय लिया गया।

## सिसई में आयोजित हुआ 'अंचल दिवस'

**सिसई (आजाद सिपाही)।** गुमला डीसी की अध्यक्षता में शनिवार को सिसई प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में 'अंचल दिवस' आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ शशिन्द्र बड़ाइक अपर समाहर्ता, राजीव नीरज अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ अशोक बड़ाइक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने प्रखण्ड परिसर में स्थापित अम्बेडकर वाटिका में डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों जैसे भूमि विवाद, दाखिल खारिज शुद्धि पत्र, भू - धारण प्रमाण पत्र, पंजी - 2 सुधार आदि समस्याओं के निपटारे के लिए आवेदन लिये गये। वहीं शिविर के माध्यम से लोगों का स्वास्थ परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श एवं दवा भी वितरण किया गया। वहीं, अंचल दिवस पर विभिन्न विभाग के स्टॉल से कुल 96 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें से 66 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं 30 आवेदन को जांच के लिए अग्रसारित कर दिया गया। अधिकतर मामले भूमि से संबंधित थे। एसडीओ राजीव नीरज ने जनता को जानकारी देते हुए कहा कि यदि कोई आपके घर के सामने से नाली बहाता है या आपके घर के आस पास कोई मांस की बिक्री करता है या कोई अतिक्रमण कर रखा है तो इस तरह के कार्य के लिए 152 के तहत अनुमंडल द्वारा कार्रवाई किया जाता है। यदि आपके घर के आस पास ऐसा कोई समस्या हो तो आप अनुमंडल को लिखित में आवेदन दें कार्रवाई होगी। वहीं बैंक द्वारा पीएमएसबीवाई के तहत की गई बीमा का खाता धारक के उतराधिकारी को बीमा क्लेम सेटलमेंट कर दो लाख रुपये बीमित राशि का चेक प्रदान किया गया। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 3.50 लाख का चेक प्रदान किया गया।

## सिमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिंजरा डिपा के पास शनिवार की सुबह सीमेंट लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक को हलकी चोट आई है। ट्रक चालक संतोष साहू ने बताया कि ओड़िशा के अंगुल से सीमेंट लेकर वह लोहरदगा जा रहा था। तभी पिंजरा डिपा के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और पेड़ से टकराती हुई पलट गई। उधर, दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी तरुण कुमार मौके पर पहुंच गयी और गाड़ी एवं उसमें लदे सीमेंट को अपने संरक्षण में ले लिया।

## भरनो में अवैध बालू परिवहन पर जिला खनन टास्क फोर्स ने की कार्रवाई



**भरनो (आजाद सिपाही)।** जिला खनन टास्क फोर्स की टीम एवं पुलिस ने शुक्रवार की रात 11 बजे भरनो थाना क्षेत्र में औचक छापामारी की। इस दौरान भरनो ब्लॉक के समीप टाटा कंपनी के एक हाईवा को रोककर जांच की गई। वाहन चालक से बालू परिवहन से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन किसी भी तरह का चालान नहीं दिखा सका। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में करीब 672 घनफीट बालू लदा था, जिसका अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। इसके बाद वाहन को जब्त कर थाने को सौंप दिया गया। पुलिस की ओर से उक्त अवैध बालू परिवहन में संलिप्त हाईवा मालिक एवं चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## घाघरा में फिर मिला माओवादियों के नाम का पोस्टर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा में शुक्रवार को नक्सली पोस्टर चिपकाए जाने का खौफ अभी लोगों के दिमाग से उतरा भी नहीं था कि शनिवार को फिर से शहीद संतोष उरांव स्मारक स्थल में माओवादी समर्थित पोस्टर चिपका पाया गया। इससे घाघरा का माहौल एक बार फिर गरमा गया। हालांकि पुलिस पोस्टर को उखाड़ कर वहां से ले गई, लेकिन लोग यह मानने लगे हैं कि इस क्षेत्र में माओवादियों ने अपनी मौजूदगी का एहसास कराने की कोशिश की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने कहा कि पोस्टर में लिखे गए कंटेंट से या साफ प्रतीत हो रहा है कि यह मौवादियों द्वारा चिपकाए गया पोस्टर नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की शरारत कर क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ लोगों को चिन्हित भी किया जा चुका है। शरारती तत्व जिन्होंने क्षेत्र में दहशत फैलाने का कार्य किया है वह जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

# गुलाबगंज नदी पर पुल निर्माण में देरी से 10 गांवों के लोग परेशान

## पांच साल से लटका काम, ग्रामीण लगा रहे जनप्रतिनिधि से गुहार

**अधिकारियों-संवेदक की अनदेखी की मार झेल रहे आम लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के गुलाबगंज नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य पिछले पांच सालों से अधूरा पड़ा है, जिससे करीब 10 गांवों के लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुल नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है।

### सालों से अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य

ग्रामीणों का आरोप है कि यह पुल पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। पुल के अभाव में लोगों को छोटे-छोटे काम के लिए भी कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। खासकर प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचना एक बड़ी समस्या बन गया है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारी तक को है पर इस पर अब तक कोई पहल नहीं हुई है। जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है।





### अस्थायी डायवर्सन भी बहा, बढ़ी मुश्किलें

ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा जो अस्थायी डायवर्सन बनाया गया था, वह भी बारिश में बह गया है। इससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अब नदी पार करना और भी खतरनाक हो गया है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने, लोगों को साप्ताहिक बाजार पहुंचने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने, प्रतिदिन अन्य कार्य करने तक में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि संवेदक अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार जनता की सुविधा के लिए पुल-पुलिया बनाती है, लेकिन संवेदक की गलत तरीके और लापरवाही के कारण आम जनता दुविधा में फंसी है।

### जिप सदस्य ने लिया जायजा, पर पूछताछ में संवेदक से नहीं मिला कोई स्पष्ट जवाब

इस समस्या से अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक सभी अवगत हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, किसी भी ओर से कोई ठोस सहायता नहीं मिल पाई है। इसके बाद परेशान ग्रामीणों ने हाल ही में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा से इस समस्या के अवगत कराते हुए समाधान की गुहार लगाई। जिस पर मेरी लकड़ा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया और पुल निर्माण स्थल का मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद संवेदक से भी बात की, लेकिन उन्हें संवेदक से कोई स्पष्ट जवाब या समाधान नहीं मिला। जिप सदस्य ने कहा कि संवेदक नहीं सुने तो डीसी से शिकायत करेंगें।

### ग्रामीणों ने बतायी समस्याएं

जेंडर मिंज ने कहा कि हम पिछले पांच साल से इस पुल के बनने का इंतजार कर रहे हैं। स्कूल और अस्पताल जाने के लिए प्रतिदिन खतरा उठाना पड़ता है। अब बरसात में डायवर्सन भी बह गया, तो हमारी समस्या दोगुनी हो गई है। वहीं, महावीर उरांव ने कहा कि सरकार लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करती है, ताकि जनता को परेशानी न हो, लेकिन संवेदक अपनी मनमानी से हमें जानबूझकर परेशानी में डाल रहे हैं। अधिकारियों को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रभा मुड़ा ने कहा कि हमें छोटे-छोटे काम के लिए 10-15 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। इससे समय बर्बाद होता है। हमें यही कहना है कि पुल का काम जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

## बीडीओ ने किया हरी झंडी दिखाकर किया विज्ञान प्रदर्शनी बस को रवाना

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस 2 एसएस हाई स्कूल में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर विज्ञान प्रदर्शनी बस को बीडीओ दिनेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि बस में कई तरह के मॉडल बने हुए है। बच्चों को एक बेहतर प्रदर्शनी देखने और सीखने को मिलेगी। बतातें चलें कि गुमला जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर यह प्रदर्शनी एक से तीन नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें घाघरा प्रखंड के कई विद्यालयों के 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस मौके पर शिक्षा विभाग के बीपीओ पुष्पा टोप्पो और अधिकारी मौजूद रहे।

## ननबैंकिंग कंपनियों में फंसे धन की वापसी को लेकर बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल एवं ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले सहारा इंडिया, पल्स, वेलफेयर आदि कंपनियों में फंसे पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर रविवार की सुबह 11 बजे पुराना ब्लॉक पालकोट के पास बैठक की जाएगी।

# बीसीसीएल के लोदना एरिया में विस्थापितों का प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर ।** बीसीसीएल के लोदना एरिया के भूलन बरारी एजेंट कार्यालय के समीप लंका नगरी के रहने वाले 50 से अधिक विस्थापितों ने आउटसोर्सिंग कंपनी सुशी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के बैनर तले महामंत्री आशिनी सिंह के निर्देश पर विस्थापितों ने घर के नजदीक ओबी डंप किये जाने से आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया।

**रोजगार की मांग :** लोदना एरिया सचिव चंदन दास ने कहा कि जब तक कंपनी रोजगार विस्थापित को नहीं करेगी, तब तक वे लोग कहीं नहीं जायेंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ओबी डंप किये जाने से रास्ता बंद हो जायेगा और लोगों को बाजार और स्कूल जाने में परेशानी होगी।

**पहले भी दिया गया था पत्र :** विस्थापितों ने महाप्रबंधक व सीएमडी को पत्र लिखकर अपनी मांगों से अवगत करा दिया है। प्रदर्शनकारियों में उर्मिला देवी, अनिता कुमारी, रानी कुमारी, सुरेश रविदास, प्रेम नोनिया, मधु बाउरी, जागृति देवी, लक्ष्मण यादव आदि शामिल थे।

## कल्पतरु दीपोत्सव का हुआ आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में विद्यमान मनोकामनासिद्धि देववृक्ष कल्पतरु के पास स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की ओर से देववृक्ष कल्पतरु दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। बताया जाता है कि देवोत्थान एकादशी के दिन देववृक्ष कल्पतरु त्रिदेव यानि ब्रह्मा, विष्णु और शिव के स्वरूप में होता है। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक पर्यावरण-मित्र पं. गौरी शंकर ओझा के चित्र के समक्ष पर्यावरण-मित्र चौक पर भी कई दीपक जलाया गया। देववृक्ष कल्पतरु दीपोत्सव में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', वैद्य गणेश साव, बबलू पांडेय, ललित, मृणाल चौबे, रोहित सिंह, वीरेंद्र चौबे, अनिल सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे।

## राजगंज में निकली पहली भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा, जयकारों से गूंज उठा नगर

राजगंज (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल, राजगंज की ओर से शनिवार को खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर एक विशाल और भव्य निशान शोभा पदयात्रा का आयोजन किया गया। राजगंज में पहली बार आयोजित इस निशान यात्रा को लेकर नगरवासियों सहित आस-पास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह लगभग सात बजे हरिहर धाम शिव मंदिर (कतरास रोड) से यात्रा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा लाल बाजार, थानाकूल्ही, दलूडीह, राजगंज मोड़, राजगंज हटिया होते हुए मैराकुल्ही पहुंची और पुनः हरिहर धाम मंदिर लौटकर संपन्न हुई। राजगंज में पहली बार निकली इस खाटू श्याम निशान यात्रा ने लोगों के मन में आस्था और उत्साह का नया संचार किया।

## 10 नवंबर से 26 नवंबर तक जिले में चलेगा कुष्ठ रोग खोजो अभियान



बोकारो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी 10 नवंबर से 26 नवंबर तक जिले में 'कुष्ठ रोग खोजो अभियान' चलाया जायेगा। जिसके तहत सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी एमओआईसी के साथ बैठक की गयी। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सुधा कुमारी, जिले के सभी एमओआईसी सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुष्ठ रोग विभाग के मो साजिद ने कहा कि इस जागरूकता अभियान से जुड़े सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित अन्य को प्रशिक्षित किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण उपरांत घर घर जाकर रोगियों की पहचान करेंगे। तत्पश्चात सही इलाज की जानकारी भी दिया जायेगा।

## देवघरा बस्ती में जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू



महुदा/धर्माबांध (आजाद सिपाही)। धर्माबांध पंचायत अंतर्गत नीचे देवघरा बस्ती में वर्षों से लंबित जलापूर्ति योजना आखिरकार साकार होने की दिशा में आगे बढ़ी। इस अवसर पर बाघमारा विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी ने बताया कि तत्कालीन विधायक ढुलु महतो की अनुशंसा पर बीसीसीएल के गोविंदपुर एरिया द्वारा धर्माबांध जलापूर्ति योजना से इस बस्ती में जलापूर्ति हेतु पाइपलाइन डाली गयी थी। हालांकि रेलवे ट्रैक बीच में होने के कारण पानी की आपूर्ति आरंभ नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते वर्ष 2011 से ग्रामीण पेयजल के लिए संघर्षरत थे। शनिवार को समाजसेवी दिलीप रवानी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा के उपरांत कार्य आरंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल में समाजसेवी दिलीप रवानी तथा स्थानीय ग्रामीणों का उल्लेखनीय योगदान रहा। पाइपलाइन कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में उत्साह और संतोष की लहर दौड़ गयी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी, दिलीप रवानी, पंसस महानंद रवानी, महेश्वर रवानी, रंगलाल रवानी, परशुराम, साधन, राजू, विजय, प्रेम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# झरिया में अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार

**डीएसपी सत्यम ने बताया कि भौरा स्थित एक उर्दू विद्यालय के निकट एक बंद घर में चार जिंदा बम बरामद किये गये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर ।** जोड़ापोखर थाना के सभागार में सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि झरिया विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग क्षेत्रों में अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक अपराधी राजकुमार को झरिया थाना के बोरागढ ओपी क्षेत्र के भूतगड़िया चौक पर एक लोडेड कट्टा और पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। राजकुमार पर झरिया क्षेत्र में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे झरिया थाना कांड संख्या 305/25 के तहत जेल भेज दिया गया है।

### जिंदा बम बरामद

डीएसपी सत्यम ने बताया कि भौरा स्थित एक उर्दू विद्यालय के निकट एक बंद घर में चार जिंदा बम बरामद किये गये। मकान मालिक इमामुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर जोड़ापोखर कांड संख्या 137/25 के तहत जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई एक सप्ताह पूर्व जेएलकम नेता और निवर्तमान पार्षद के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद की गयी है, जिसमें दोनों गुटों में टकराव की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस ने राहत की सांस ली है और अपराधियों को पकड़कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस की सक्रियता

एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी गयी है। डीएसपी आशुतोष कुमार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस विभाग में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कई कार्रवाई की जा रही है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

**मनोज और कमल ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गयी, तो यूनियन जोरदार आंदोलन करेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा ।** जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में निरसा स्थित इसीएल मुगमा एरिया बैजना कोलियरी के 31 नवंबर खदान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया। इस अवसर पर जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव मनोज सिंह एवं अध्यक्ष कमल बनर्जी ने कहा कि प्रबंधन द्वारा मजदूरों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैजना कोलियरी का 29 नंबर खदान को बंद रखना एक साजिश है, जिसका उद्देश्य मजदूरों को परेशान करना है। इसके अलावा प्रोन्नति की प्रक्रिया को भी बाधित रखा गया है और मजदूरों के आवासों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गयी, तो यूनियन जोरदार आंदोलन करेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मजदूरों की भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि वे अपने अधिकारों के लिए एकजुट हैं और प्रबंधन के अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। अब देखना यह है कि प्रबंधन मजदूरों की मांगों पर क्या कदम उठाती है।

## सीसीएल बीएंडके ने मनाया कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस

# आजादी के बाद कोयला, ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया बना : चितरंजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली(बेरमो)।** कोल इंडिया लिमिटेड के 51वां स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में धूम धाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुरूआत क्षेत्र के महाप्रबंधक चितरंजन कुमार ने ध्वजारोहण कर तथा कोल इंडिया का कॉर्पोरेट गीत के साथ किया। इस अवसर पर श्रमिक के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कर्मचारियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। आठ कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र दिया गया। क्षेत्र के कर्मचारी विक्की कुमार जो सबसे फास्ट मोटिवेशनल राइटर जिसने अमेजॉन और फ्लिपकार्ट में तीन पुस्तक लिखी है उसको पुरस्कृत किया गया। कर्मचारियों के लिए कविता का मंचन किया गया। साथ ही सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जीएम चितरंजन कुमार ने कहा कि हमे गर्व है कि हम कोल इंडिया के अंग है। कोल इंडिया लगातार आगे बढ़ रहा है। बताया कि 1974 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में ईस्ट इंडिया कंपनी के द्वारा नारायण कुंड इलाके में पहली बार कोयले का खनन का कार्य किया गया था। 1953 में भाप से चलने वाला रेल इंजन बना। उसके उपरांत कोयले की खपत बढ़ी। जिससे प्रोडक्शन में भी बढ़ोतरी हुई। आजादी के बाद कोयला, ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया बना। इसी मकसद को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने 1973 में कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया।

मौके पर एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, एसओ माइनिंग केएस गैवाल, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ सिविल सतीश सिंहा, एसओपी बिनय रंजन टुडू, एसओ पीएंडपी डीपी सिंह, एसओ ईएनटी रविंद्र कुमार, प्रबंधक मानव संसाधन पीएन सिंह, सर्वे ऑफिसर राकेश चंद्रा, एसओ एलएंडआर शंकर कुमार, एसएसओ दिनेश्वर मांझी, प्रबंधक मानव संसाधन रवि प्रकाश यादव सहित तमाम कामगार उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर किया निरीक्षण

**अलारगो फुटबॉल मैदान स्थित हेलीपैड की बेरीकेटिंग, ड्रॉप गेट आदि को लेकर दिया जरूरी दिशा-निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो ।** नावाडीह प्रखंड के अलारगो में रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड क्षेत्र की बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने एसडीपीओ बेरमो, बीडीओ, सीओ तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का कहा।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर आमजन समेत अन्य अतिथियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जाये। इसके लिए सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य कर संपूर्ण व्यवस्था सुचारु रूप से सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, एनडीसी प्रभाष दत्ता, एसडीपीओ बेरमो बीएन सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत टोपनो, चंद्रपुरा नावाडीह बीडीओ/सीओ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इससे पूर्व, उपायुक्त ने झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी से भी मिलकर आयोजन की जानकारी ली। जानकारी हो कि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को अलारगो में सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पिता स्वर्गीय नेम नारायण महतो के श्राद्धकर्म में शामिल होंगे।

## नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां हुई तेज

# चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता: डीसी

**उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया पॉलिटेक्निक परिसर का निरीक्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आगामी नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से धनबाद पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया।

पॉलिटेक्निक परिसर को चुनावी दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल के रूप में चयनित किया गया है, जहां से ईवीएम मशीनों का डिस्पैच, रिसीविंग एवं मतगणना कार्य संपन्न किया जा सके। निरीक्षण के क्रम में दोनों वरीय पदाधिकारियों ने परिसर में स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र, नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रवेश-निकास द्वारों की निगरानी प्रणाली हेतु विस्तृत अवलोकन किया।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा की राज्य सरकार द्वारा लगातार निर्देश दिया जा रहा है कि आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियां शुरू करनी हैं। एहतियातन के तौर पर दो-तीन स्थानों का निरीक्षण किया जायेगा ताकि जो बेहतरीन व्यवस्थाएं हो सके वो हम लोग करें। साथ ही सबसे महत्वपूर्ण है की मतदान कर्मियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाया जायेगा। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था एवं वॉच टावर की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# लीज और लाइसेंसधारियों की सुविधा के लिए बीएसएल ने ट्रेड चेंज की प्रक्रिया शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने व्यापारियों की सुविधा के लिए ट्रेड चेंज की प्रक्रिया शुरू की है। यह प्रक्रिया उन प्लाटधारियों और लाइसेंस धारियों के लिए है जो बिना अनुमति के जनरल ट्रेड से रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड का संचालन कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि कुछ महीने पूर्व बीएसएल की ओर से ट्रेड चेंज का नोटिस उन सभी प्लाटधारियों को निर्गत किया गया था जो बिना अनुमति के रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड चला रहे थे। इनमें से बहुत सारे प्लाटधारियों ने शुल्क जमा कर अपने ट्रेड चेंज का अनुरोध किया है। इसके अलावा कई प्लाटधारियों ने सूचना दे कर बीएसएल को अवगत कराते हुए अनुरोध किया है कि वे अपने यहां जो रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड चला रहे थे, उसे बंद कर दिये हैं। ऐसे सभी प्लाटधारियों की जांच की जा रही है जिन्होंने रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड बंद करने की सूचना दी है तथा जांच के पश्चात रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड संचालन सूची से उन्हें बाहर कर दिया जायेगा।

जो लीजधारी शुल्क के साथ-साथ जरूरी कागजात जमा कर दिये हैं, उनकी जांच के बाद ट्रेड चेंज की प्रक्रिया पूरी कर ट्रेड चेंज का आदेश पत्र निर्गत किया जायेगा।

वैसे सभी प्लॉट और लाइसेंस धारी जो आवेदन दे कर ट्रेड चेंज की औपचारिकता पूरी किये थे, उनका आज कमिटी के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा जांचोपरांत अन्य आवश्यक कार्यवाही कर ट्रेड चेंज का परमिशन निर्गत कर दिया जायेगा।

जो लीजधारी नोटिस पाने के बावजूद अभी तक टर्नअप नहीं हुए हैं, उन्हें पुनः नोटिस दिया जा रहा है। यदि इस बार भी नोटिस का अनुपालन नहीं किया जायेगा, तो ऐसे प्लाटधारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

निरीक्षण करने वाली टीम में नगर प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह, महाप्रबंधक लंबोदर उपाध्याय, महाप्रबंधक राजुल हरकरनी तथा उप महाप्रबंधक संदीप कुमार शामिल थे।

# पूर्वी भारत में बीएसएल कर्मी अपने काम में सबसे दक्ष, सीआइआइ ने लगायी मुहर

**बोकारो के इस्पातकर्मियों ने सीआईआई के 36वें स्किल कंपटीशन में मनवाया अपने हुनर का लोहा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के इस्पातकर्मियों ने कोलकाता में हुए सीआईआई के 36वें स्किल कंपटीशन में अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए कुल पांच श्रेणी के स्किल्स में अपनी जीत दर्ज की, जिनमें सीआरएम-III की सुश्री संगीता कुमारी इलेक्ट्रिक मोटर ट्रेड में सबसे अव्वल रहीं, तो वहीं सेफ्टी विभाग के अभिजीत कुमार सिंह सीओपीए ट्रेड में, सीआरएम-III के राहुल कुमार और पंकज ठाकुर क्रमशः इंस्ट्रूमेंट ट्रेड में व इंडस्ट्रियल हाइड्रोलिक्स ट्रेड में तथा ब्लास्ट फर्नेस के संदीप पूर्ति टर्नर ट्रेड में उपविजेता रहें। बताते चलें कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के पूर्वी चैप्टर द्वारा आयोजित इस 36वें स्किल कंपटीशन में पूर्वी भारत के सभी प्रमुख मैनुफैक्चरिंग कंपनियों के कर्मी मैनुफैक्चरिंग से सम्बंधित अलग अलग कामों जैसे इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सीएनसी, कारपेन्टरी, वेल्डिंग इत्यादि श्रेणियों में अपने हुनर का जलवा दिखाने जुटे थे। इस महाजूटान में टाटा, जिंदल, डालमिया जैसी कंपनियों के 300 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया था।

**पहली बार में ही जमा दी धाक:** उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था इसके बावजूद बोकारो के इस्पातकर्मियों ने पांच अलग अलग ट्रेड में अपने कौशल की उत्कृष्टता न केवल इस्पात उद्योग बल्कि पुरे मैनुफैक्चरिंग उद्योग के परिपेक्ष्य में स्थापित की।

**लंबी तैयारी ने लिखी जीत की पारी:** बीएसएल ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले सफलता सुनिश्चित करने के लिए एक लम्बी तैयारी की। सबसे पहले ईडी वर्क्स प्रिय रंजन के मार्गदर्शन में बीएसएल के लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग ने ईडी वर्क्स स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा इस्पातकर्मियों ने अपने कौशल प्रदर्शित किये। इन 300 लोगों में से 120 प्रतिभागियों को अगले राउंड के लिए चुना गया जिसमे उन्हें स्किल टेस्ट, डेमो वर्कशॉप इत्यादि से गुजारा गया। अंततः इन 120 प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 29 प्रतिभागियों को 10 विभिन्न श्रेणियों हेतु सीआईआई के 36वें स्किल कंपटीशन में भेजा गया जिसमें 5 श्रेणियों में बीएसएल ने उल्लेखनीय जीत दर्ज की।

**प्रबंधन ने दी बधाई - दक्षता व सुरक्षा दोनों का ध्यान रखने का संदेश :** इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बीएसएल को गौरान्वित करने वाले इन सभी कर्मियों को बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन ने बधाई देते हुए दक्षता और सुरक्षा दोनों का समन्वय रखते हुए कम्पनी का इसी प्रकार कंपनी का गौरव बढ़ाते रहने का संदेश दिया।

**बीएसएल में सुरक्षा जागरूकता हेतु सघन अभियान :** कार्यस्थल में सुरक्षा मानकों और नियमों के अनुपालन के लिए लगातार चलाये जा रहे अभियान के साथ-साथ संयंत्र में सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं को पुख्ता बनाने के प्रति बीएसएल प्रबंधन पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह और स्वच्छता 5.0 पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद द्वारा उच्च विद्यालय कर्माटांड़, बलियापुर में राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छता 5.0 एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्माटांड़ पंचायत की मुखिया सुलोचना देवी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय संचार ब्यूरो के राज किशोर पासवान, देवेंद्र किशोर, आशीष कुमार, नीतू कुमारी, दयाल कुमार, संगीता चक्रवर्ती, राजीव रंजन पांडे, श्वेता कुमारी, विनीता सिंह, टिंकू कुमारी और सुरेश रवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

यह आयोजन सरदार पटेल की जयंती और देश की एकता, अखंडता व स्वच्छता के प्रति जागरूकता को समर्पित रहा।

देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27अक्टूबर 2025 से 02 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर रजत महोत्सव का किया उद्घाटन

# लाल झंडे की जगह शान से लहरा रहा तिरंगा : मोदी

- राज्योत्सव में कहा- कुछ लोग संविधान का दिखावा करते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर रजत महोत्सव का उद्घाटन किया। मोदी ने ढट आवास योजना के 5 हितग्राहियों को चाबियां सौंपी। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ी में भाषण की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि जम्मो भाई-बहनी, लइका, सियान मन ल हाथ जोड़ के जय जोहर।

इस दौरान मोदी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के आतंक से मुक्त हो रहा है। लाल झंडे की जगह शान से तिरंगा लहरा रहा है। कुछ लोग संविधान की किताब हाथ में रखकर दिखावा करते हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं। उन्होंने दशकों तक आपके साथ अन्याय किया।मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब की दवाई, गरीब की कमाई, गरीब की पढ़ाई, गरीब की सिंचाई सुविधा पर बहुत फोकस किया। आज छत्तीसगढ़ को भी लोकतंत्र का नया मंदिर, नयी विधानसभा मिल रही है। यहां आने से पहले मुझे एक जनजातीय संग्रहालय को देने का अवसर मिला।

वहीं पीएम मोदी ने नये विधानसभा उद्घाटन के दौरान कहा कि 75 साल पहले देश ने संविधान को अपनाया था। इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले रविशंकर शुक्ल, बैरिस्टर छेदीलाल, किशोरीमोहन त्रिपाठी, रामप्रसाद पोटाय और रघुराज जी को श्रद्धांजलि दी और संत गुरु घासीदास को भी याद किया।

इसके अलावा विधानसभा परिसर में प्रवेश के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। यहां नेताओं और आम लोगों को गमछा लेकर जाने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं रायपुर में ढट की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात आरक्षक की मौत हो गई। इसके अलावा काले कपड़े पहनने पर अमित जोगी को हाउस अरेस्ट किया गया।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवा रायपुर स्थित सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल पहुंच कर उन 2,500 बच्चों से मुलाकात की, जिनकी हृदय सर्जरी इस संस्थान में निःशुल्क हुई थी। उन्होंने एक बच्चे को गले लगाया। साथ ही उन्होंने पद्म विभूषण तीजन बाई और लेखक पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल का हालचाल जाना।

### योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी 14,260 करोड़ रुपये से अधिक की विकासात्मक और परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### 40000 किमी तक पहुंचा सड़कों का जाल

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद छत्तीसगढ़ में एक पूरी पीढ़ी बदल गई है, जिसने 2000 से पहले का दौर नहीं देखा। जब राज्य बना था, तब गांवों तक पहुंचना मुश्किल था। गांवों में सड़कें नहीं थीं। आज छत्तीसगढ़ के गांवों में सड़कों का जाल 40,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है।

# तीन दिन में जीएसटी रजिस्ट्रेशन मिलेगा

- 2.5 लाख से कम मंथली टैक्सवालों को फायदा
- अक्टूबर में 1.96 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** छोटे और कम रिस्क वाले बिजनेस के लिए अब जीएसटी रजिस्ट्रेशन सिर्फ 3 कारोबारी दिन में मिलेगा। केंद्र सरकार ने 1 नवंबर से छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए नयी जीएसटी रजिस्ट्रेशन स्कीम शुरू की है। नयी स्कीम का फायदा उन व्यापारियों को मिलेगा, जिनका मंथली जीएसटी 2.5 लाख रुपये से कम होता है।

वहीं, केंद्र सरकार ने आज अक्टूबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किये हैं। अक्टूबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.96 लाख करोड़ रुपये जुटाये गये हैं। सालाना आधार पर इसमें 4.6% की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक एक साल पहले यानी अक्टूबर 2024 में सरकार ने 1.87 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने अगस्त के मुकाबले सितंबर का कलेक्शन 3 हजार करोड़ रुपये बढ़ा है।

सितंबर में सालाना 9.1% की बढ़ोतरी के साथ 1.89 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपये और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में जुटाये गये थे।

### 96% नये आवेदकों को फायदा मिलेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के दौरान कहा कि यह नयी योजना करीब 96% नये आवेदकों को फायदा पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि इस प्रक्रिया में किसी तरह की देरी या अड़चन न आये।

# अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.95 लाख करोड़

- सालाना आधार पर 4.6% की बढ़ोतरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्तूबर में कुल जीएसटी संग्रह करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं पिछले साल इसी महीने यह 1.87 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर महीने में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी), राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) सभी में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि उपकर (सेस) संग्रह में गिरावट आयी है।

**सात महीनों में नौ प्रतिशत की हुई वृद्धि :** वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्तूबर) में कुल जीएसटी संग्रह में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे अधिक है।

**जीएसटी राजस्व में हुई 0.2 प्रतिशत की वृद्धि :** सकल घरेलू राजस्व, जो स्थानीय बिक्री का संकेत है, अक्तूबर में 2 प्रतिशत बढ़कर 1.45 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर लगभग 13 प्रतिशत बढ़कर 50,884 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, जीएसटी रिफंड भी साल-दर-साल 39.6 प्रतिशत बढ़कर 26,934 करोड़ रुपये हो गया। वहीं शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**कुछ वर्षों में जीएसटी संग्रह में हुई लगातार वृद्धि :** पिछले कुछ वर्षों में जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि हुई है, जो 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 20.18 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मजबूत आर्थिक गतिविधि और बेहतर अनुपालन को दर्शाता है। हालिया जीएसटी संग्रह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक दिशा को दर्शाता है।

### 22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड सकल संग्रह

भारत की जीएसटी प्रणाली ने 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड सकल संग्रह के साथ एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे अधिक है।

# 17 बच्चों को बंधक बनाने वाला रोहित घोटाले कर चुका

- शिक्षा विभाग में गबन का आरोप, मकान मालिक को किराया मांगने पर नोटिस दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुंबई के पवई इलाके के रा स्टूडियो में गुरुवार को 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बनाने वाले रोहित आर्या का नाम पहले भी विवादों में रहा है।

महाराष्ट्र शिक्षा विभाग से फंड विवाद, निजी फीस वसूली का मामला और शिक्षा मंत्री से चेक विवाद के साथ ही वह इसी साल पुणे के कोथरुड इलाके में एक किराए के विवाद में फंसा था।

अक्टूबर 2024 में रोहित की पत्नी अंजलि आर्या के नाम पर शिवतीर्थ नगर के एक फ्लैट के लिए 36 महीने का किरायानामा साइन हुआ था। मकान मालिक देशपांडे ने बाद में बताया कि पड़ोसियों की शिकायतों के चलते उन्होंने आर्या दंपती को एक महीने में घर खाली करने का नोटिस भेजा। रोहित ने न तो घर खाली किया और न ही किराया दिया। 2 मार्च 2025 को मालिक ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजी, लेकिन रोहित ने उल्टा 2 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर डाली।

रोहित आर्या ने 30 अक्टूबर 2025 को मुंबई के पवई स्थित रा स्टूडियो में 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बना लिया था। रोहित को क्विक रिस्पॉन्स टीम के 8 कमांडो ने 35 मिनट में बच्चों सहित सभी लोगों का छुड़ा लिया गया था। एनकाउंटर में रोहित मारा गया था।

## मानव बम की धमकी से हड़कंप, जेद्दा-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट मुंबई डायवर्ट, सभी यात्री सुरक्षित

**मुंबई/हैदराबाद।** एयरलाइंस कंपनी इंडिगो की एक फ्लाइट को मानव बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। जेद्दा से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-68 को शनिवार सुबह मुंबई डायवर्ट करना पड़ा। जानकारी के अनुसार हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आरजीआईए) को ईमेल के जरिए विमान में मानव बम होने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद सनसनी फैल गई। इसके बाद तुरंत विमान को मुंबई डायवर्ट किया गया, जहां विमान सुरक्षित रूप से मुंबई हवाईअड्डे पर उतार लिया गया। इसके बाद सुरक्षा जांच में कोई संदिग्ध विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि धमकी भरा ईमेल किसने और कहां से भेजा है। पुलिस के अनुसार हैदराबाद एयरपोर्ट प्राधिकरण को शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे एक ईमेल मिला, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि जेद्दा-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को हैदराबाद में लैंड ना करने दिया जाए। ईमेल में यह भी दावा किया गया कि विमान में एलटीटीई-आईएसआई से जुड़े ऑपरेटिव्स ने 1984 के मद्रास एयरपोर्ट विस्फोट जैसी साजिश रची है। संदेश मिलते ही सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया और विमान को एहतियातन मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जांच में किसी भी तरह की विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध चीज नहीं मिली।

## आम लोगों की जिंदगी से जुडे कई निमयों में किया गया बदलाव

# बैंक खाते में चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे कॉमर्शियल सिलेंडर 6.50 रुपये सस्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इस बार नवंबर के महीने में आम लोगों की जिंदगी से जुडे कई निमयों में बदलाव किया गया। इसमें बैंक नॉमिनेशन के नियमों में बदलाव से लेकर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में कमी और फास्टैग के नये नियम शामिल हैं। इसके अलावा अकसे जुड़ा भी एक बदलाव है। 4 नवंबर से चैट जीपीटी गो का सब्सक्रिप्शन भारतीय यूजर्स को फ्री में मिलेगा। जेमिनी प्रो का भी सब्सक्रिप्शन फ्री में मिल रहा है।

अब आप अपने बैंक अकाउंट में एक की जगह चार नॉमिनी जोड़ पायेंगे। यह भी तय कर पायेंगे कि चार नॉमिनी में से किसे कितना हिस्सा मिलेगा। नये नियम 1 नवंबर 2025 से लागू हो गये हैं। वित्त मंत्रालय ने 23 अक्टूबर को बताया कि इस बदलाव से बैंकिंग क्लेम और उत्तराधिकार की प्रोसेस आसान और पारदर्शी बनेगी। नॉमिनी को कभी भी बदला या रद्द किया जा सकेगा। नॉमिनी वह व्यक्ति होता है, जिसे अकाउंट होल्डर नामित करता है, ताकि उसकी मृत्यु पर खाते की राशि या संपत्ति को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के उसके हवाले किया जा सके। शनिवार से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 6.50 रुपये तक सस्ता हो गया है। कोलकाता में इसकी कीमत 6.50 रुपये घटकर 1694 हो गयी है। पहले ये 1700.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं चेन्नई में यह अब 4.50 रुपये सस्ता होकर 1750 रुपये में मिलेगा।

**आधार अपडेट के नये चार्जेस :** भारत सरकार की यूआईडीएआइ ने बच्चों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये की फीस माफ कर दी है। ये एक साल तक मुफ्त रहेगा। बड़ों के लिए नाम, जन्मतिथि, पता या मोबाइल नंबर अपडेट करने का खर्च 75 रुपये है। फिंगरप्रिंट या आइरिस स्कैन जैसे बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये लगेंगे। बिना कोई डॉक्यूमेंट जमा किए पता, जन्मतिथि या नाम भी ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं।

**चैटजीपीटी गो सब्सक्रिप्शन एक साल के लिए फ्री :** ओपनएआइ भारत में 'चैटजीपीटी गो' का सब्सक्रिप्शन प्लान एक साल के लिए फ्री करने जा रहा है। ये ऑफर 4 नवंबर 2025 से भारतीय यूजर्स के लिए एक्टिव होगा। अभी यह सब्सक्रिप्शन भारत में 399 रुपये प्रति महीने का है। यानी यूजर को साल में 4,788 रुपये का फायदा होगा। चैटजीपीटी के इस प्लान में ज्यादा चैट और इमेज बना सकते हैं। चैटजीपीटी गो ओपनएआइ का मिड-लेवल प्रीमियम प्लान है। कंपनी का कहना है कि भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेज बढ़ने वाला मार्केट है।

### फास्टैग के दो नये नियम

जिन गाड़ियों के फास्टैग में अभी तक जरूरी नो योर व्हीकल (केवाइसी) वेरिफिकेशन नहीं हुआ है, वो डीएक्टिवेट हो सकते हैं। लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया बैंकों से रिमाइंडर भेजकर ग्रेस पीरियड दे रही है, ताकि सर्विस तुरंत बंद न हो। वहीं अब यूजर्स को केवाइसी के लिए सिर्फ नंबर प्लेट और फास्टैग की फ्रंट फोटो अपलोड करनी होगी। साइड फोटो की जरूरत नहीं है। इससे वेरिफिकेशन प्रक्रिया आसान होगी। फास्टैग से जुड़ा दूसरा बदलाव नया टोल पेनल्टी सिस्टम से जुड़ा है। ये 15 नवंबर 2025 से लागू हो रहा है। फास्टैग के बिना गाड़ियों के लिए यूपीआइ से पेमेंट करने वालों को 1.25 गुना स्टैंडर्ड टोल फीस देनी पड़ेगी। अगर कैश से पेमेंट करते हैं तो पहले की तरह दोगुना चार्ज लगेगा।

## यूक्रेन का मॉस्को में ड्रोन अटैक

**मॉस्को।** यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने शुक्रवार को रूस की राजधानी मॉस्को के पास 400 किमी लंबी फ्यूल पाइपलाइन पर हमला किया। इस पाइपलाइन का नाम रिंग है। इस हमले से रूसी सेना को पेट्रोल, डीजल और हवाई जहाज के फ्लूय की सप्लाई रुक गई है। हमले में मॉस्को के दक्षिण-पूर्व इलाके में तीनों मुख्य लाइनें एक साथ तबाह हो गईं। वहां ड्रोन्स को रोकने का सिस्टम और हथियारबंद गार्ड तैनात थे, लेकिन सब नाकाम रहा। अब पाइपलाइन पूरी तरह बंद है और रूसी सेना को ईंधन नहीं मिल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पाइपलाइन हर साल 30 लाख टन जेट ईंधन और लाखों टन पेट्रोल-डीजल ले जाती थी।

AFFIDAVIT



As per Affidavit Ref. Sl.No - 196, Date - 24.10.2025 I, GUNJA GUPTA, D/o Rajesh Kumar Sahu residing at Village - Tikar, Post - Tikar, P.S- Ichagarh, Dist- Seraikela-Kharswna, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare, as follows:- 1. That, I am a permanent resident of the aforesaid address. 2. That, I known by two names in locality, one name is Gunja Gupta and other name is Arti Gupta.3. That, my name has been mentioned as Gunja Gupta in my Aadhar card, bearing No.- 4464 3700 8092. 4. That, I have passed Matriculation Examination in the year of 2025 from Govt. B C Girl's High School Jail Road Ranchi under JAC Board, bearing Roll Code - 11093 and Roll No. - 0007. 5. That, my name has been written as Arti Gupta in Admit card and Marksheet of my said Matriculation Examination. 6. That, GUNJA GUPTA and ARTI GUPTA both the names are same and person i.e. my self name only. 7. That, above mentioned facts are true and correct, if found false I shall be liable according to law.8. That, I am swearing this affidavit for declaring above mentioned facts before the authority concerned. And hence this affidavit.







वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**